कोटद्वार, गुरूवार
25 अप्रैल 2024
वर्ष: 45
अंक: 348 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी



**अंबिकापुर , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है– कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप दिखाई दे रही है। कांग्रेस की नजर आपके मकान, दुकान और खेत पर है जो आपकी संपत्ति पर नजर जमाए हुए है और लूटना चाहते हैं।

गौरतलब है कि सैम पित्रोदा ने संपत्ति वितरण को लेकर एक विवादति बयान दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा था "अमरीका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 10 करोड डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को ट्रांसफर कर सकता है।" पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ और जिंदगी के बाद भी रहेगी। प्रधानमंत्री ने आज छत्तीसगढ के सरगुजा सम्भाग के सूरजपुर जिले के जम्हूरी मैदान में महारैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज, मंत्री रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक रेणुका सिंह समेत भाजपा के कई बड़े नेता शामिल हैं।

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करने के दौरान कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है, हिंसा फैलाने वालों को शहीद बता रही है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता, आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती हैं। कांग्रेस की ऐसी ही करतूतों के कारण वह देश का भरोसा खो चुकी है।प्रधानमंत्री ने कहा कि

## पूंजीपतियों का कर्जा माफ, गरीबों से पैसा वसूलती है भाजपाः हरीश रावत

देहरादून। पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस नेता हरीश रावत ने प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा 'बीजेपी को कुछ भी कहने का अधिकार नहीं है, क्योंकि वे जीएसटी और अन्य माध्यमों से गरीबों से पैसा इकट्ठा करते हैं। दूसरी ओर, बीजेपी गरीबों का कर्ज माफ नहीं करती है बल्कि अमीरों का करती है' हरीश रावत ने कहा कांग्रेस की सरकार सामाजिक कल्याण के साथ ही गरीबों के उत्थान के लिए काम करती है। उन्होंने कहा भाजपा गरीबों से पैसा वसूलती है। साथ ही बड़े बड़े पूजिपतियों का पैसा भाजपा सरकार माफ कर देती है। हरीश रावत ने कहा भाजपा एकाधिकार वाले पूजिपतियों का कर्जा माफ कर उन्हें सीधा फायदा पहुंचाती है। हरीश रावत ने कहा भाजपा की सरकार के समय किसान आंदोलन हुआ। अगर भाजपा किसानों का कर्ज माफ करती तो ये आंदोलन नहीं होता। कांग्रेस नेता हरीश रावत ने अनुराग ठाकुर के सीमा, सनातन, संतान या अन्य कानूनों को बचाने के लिए भाजपा है जरूरी वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। हरीश रावत ने कहा भाजपा के समय में देश और संविधान दोनों ही खतरे में हैं। उन्होंने कहा भाजपा के रहते भारत के लोकतंत्र की एकता और अखंडता खतरे में पड़ जाएगी। सतानन के सवाल पर बोलते हुए हरीश रावत ने कहा सर्व धर्म समभाव के आचरण पर आज केवल कांग्रेस काम कर रही है।

## सैम पित्रोदा के बयान पर सीएम धामी ने कांग्रेस पर साधा निशाना



देहरादून। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान ने देश में सियासत बढ़ा दी है। सैम पित्रोदा ने अमेरिका के इन्हेरिटेंस टैक्स यानी विरासत टैक्स की वकालत की है। जिसके बाद बीजेपी को बैठे बिठाए मुद्दा मिल गया है। बीजेपी इस मामले में कांग्रेस को घेरने में जुट गई है। वहीं इस मामले में सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस पल्ला झाड़ती दिखाई दे रही है। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस पर निशाना साधा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने कांग्रेस के मंसूबों को जनता के सामने रख दिया है। सीएम धामी ने आगे कहा कि देश को लूटने का इरादा रखने वाली पार्टी जनता की संपत्ति का सर्वे करवाना चाहती है और उनकी मेहनत से जोड़ी हुई निजी संपत्ति का अधिग्रहण करना चाहती है। आगे कहा कि कांग्रेस वोट बैंक और तुष्टिकरण के लिए विशेष वर्ग के बीच बांटना चाहती है।

जानें सैम पित्रोदा का बयानः इडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा कि अमेरिका में विरासत कर लगता है। यदि किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को हस्तांतरित कर सकता है। 55 प्रतिशत सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प कानून है। इसमें कहा गया है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए, पूरी नहीं, आधी, जो मुझे उचित लगती है।

मुद्दों पर लोगों को बहस और चर्चा करनी होगीः सैम पित्रोदा ने कहा,'भारत में आपके पास वह नहीं है। यदि किसी की संपत्ति 10 अरब है और वह मर जाता है, तो उसके बच्चों को 10 अरब मिलते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता। तो ये ऐसे मुद्दे हैं जिन पर लोगों को बहस और चर्चा करनी होगी। मुझे नहीं पता कि दिन के अंत में निष्कर्ष क्या होगा लेकिन जब हम धन के पुनर्वितरण के बारे में बात करते हैं, तो हम नई नीतियों और नए कार्यक्रमों के बारे में बात कर रहे हैं जो लोगों के हित में हैं न कि केवल अति–अमीरों के हित में।

## जंगलों के महत्व को भूलाने की गलती न करें: राष्ट्रपति

### – देश को मिले 99 नए आईएफएस अफसर



देहरादून। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून से आज भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 99 अधिकारी पास आउट हुए। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी शिरकत की। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पास आउट हुए भारतीय वन सेवा के अधिकारियों को संबोधित भी किया। 99 पास आउट होने वाली अधिकारियों में तीन उत्तराखंड के हैं। जंगलों के महत्व को जान–बूझ कर भुलाने की गलती मानव समाज कर रहा है। हम यह भूलते जा रहे हैं कि वन हमारे लिए जीवनदाता हैं।

यथार्थ यह है कि जंगलों ने ही धरती पर जीवन को बचा रखा है। यह बात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को एफआरआई में हुए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के दीक्षांत समारोह में कही। समारोह में 99 आईएफएस और दो मित्र देशों के अधिकारी पास आउट हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और राज्यपाल लेज गुरमीत सिंह(सेनि) ने इस दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु आईएफएस को सम्मानित भी किया। मुर्मु ने कहा कि पासआउट होने वाले इस बैच में कुल 10 महिला अधिकारी हैं। जो एक बड़ी उपलब्धि है। कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। कहा कि अगले बैच में महिला अधिकारियों की संख्या और बढ़े। उन्होंने ये भी कहा कि महिलाओं को प्रकृति से ज्यादा लगाव होता है, ऐसे में महिला आईएफएस वन संरक्षण में बेहतर काम करेंगी, इसका उन्हें विश्वास है। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षु अधिकारियों पर वन एवं वन संपदा बचाने की अहम जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम पृथ्वी के संसाधनों के मालिक नहीं हैं, बल्कि ट्रस्टी हैं। हमारी प्राथमिकताएं मानव केंद्रित होने के साथ–साथ प्रकृति केंद्रित भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या है। इससे निपटने के लिए हम सभी को गंभीर कदम उठाने होंगे। कहा कि वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण और संवर्धन के जरिए मानव जीवन को संकट से बचाया जा सकता है।

## हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता चार जुलाई तक

नई दिल्ली। सरकार ने हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समयसीमा तीन महीने बढ़ाकर चार जुलाई कर दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने पिछले साल मांस और मांस उत्पादों के लिए हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को अधिसूचित किया था। साथ ही मौजूदा निकायों को आई–सीएएस (भारत अनुरूप मूल्यांकन योजना) हलाल के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय प्रत्यायन बोर्ड से पांच अप्रैल, 2024 तक मान्यता लेने का निर्देश दिया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है। यह निर्यात और आयात से संबंधित मुद्दों को देखता है। दिशानिर्देशों के अनुसार, मांस और उसके उत्पादों को 'हलाल प्रमाणित' के रूप में निर्यात करने की अनुमति तभी दी जाती है, जब वे भारतीय गुणवत्ता परिषद के बोर्ड से मान्यता प्राप्त निकाय से मिले वैध प्रमाण पत्र वाली सुविधा में उत्पादित, प्रसंस्कृत और पैक किये जाते हैं।

## रानीखेत के पास टायर फटने से खाई में पलटा केंटर, उड़े परखच्चे

### एक की मौत, चालक घायल



दढ़ियाल। उत्तराखंड के रानीखेत के लिए केंटर में लकड़ी की फंट्टी भरकर लेकर जाते समय टायर फटने के कारण केंटर गहरी खाई में पलट गया। जिसमें नगर निवासी युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि चालक की टांग टूटने के साथ ही गम्भीर चोटें आईं हैं। मंगलवार की रात को कस्बा निवासी मतलूब 33 वर्ष केंटर में लकड़ी की फंट्टी भरकर उत्तराखंड के शहर रानीखेत जा रहे थे । केंटर को थाना अजीम नगर के नगलिया आकिल निवासी तौफीक चला रहा था।

**टायर फटने से गहरी खाई में पलट गई केंटर**

बुधवार सुबह लगभग चार बजे जैसे ही वह रानीखेत से पहले पहुंचे तो केंटर का टायर फट गया जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। जिससे कस्बे निवासी मतलूब 33 वर्ष की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि चालक तौफीक के गम्भीर चोटें आईं हैं इसकी टांग भी टूट गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई।

दढ़ियाल से भी मृतक के स्वजन अख्तर अली, अजमत अली, हाजी इस्लाम, इस्लाम समेत दर्जनों लोग पहुंच गए। पुलिस ने मृतक मतलूब के शव का पोस्टमार्टम कराया है। जबकि चालक तौफीक को उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा है।

**मृतक के चार बच्चे हैं**

मृतक के शव को नगर दढ़ियाल लाया जा रहा है। मृतक अपने पीछे तीन लड़के तथा एक लड़की छोड़ गया। पत्नी सरताज जहां का रोते बिलखते हाल देखे नहीं बन रहा था।

## एक नजर

### पेड़ों की कटाई मामले में डीडीए को अवमानना नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष को अवमानना नोटिस जारी किया है। नोटिस मैदान गढ़ी के पास छतरपुर रोड और सार्क विश्वविद्यालय के बीच सड़क के निर्माण के लिए 1,000 से अधिक पेड़ों की कटाई के मामले में जारी किया गया है। जस्टिस बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि अदालत के मना करने के बावजूद डीडीए ने सड़क निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई जारी रखी। यह कोर्ट के आदेश की अवहेलना है पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया हमने पाया कि सड़क निर्माण के लिए पेड़ों को काटने की डीडीए की कार्रवाई कोर्ट के आदेश का अवमानना है। कोर्ट ने 8 फरवरी और 4 मार्च 2024 को इससे जुड़ा आदेश पारित किया था। पीठ ने मामले को 8 मई को सुनवाई के लिए पोस्ट करते हुए कहा कि डीडीए के उपाध्यक्ष को नोटिस जारी किया जाए और कारण बताने के लिए कहा जाए कि अदालत के आदेश की अवमानना करने के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए?

### संदेशखाली वाला शाहजहां शेख तो बच्चों की तरह रोने लगा, वीडियो हुआ वायरल

नई दिल्ली । संदेशखाली में यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोपी टीएमसी के निलंबित नेता शाहजहां शेख अब आंसू बहाता हुआ नजर आ रहा है। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें शेख कथित तौर पर रो रहा है। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमला करने के मामले लंबे समय तक फरार रहने के बाद वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया था। भाजपा नेता अमित मालवीय की तरफ से एक वीडियो शेयर किया गया है। उन्होंने लिखा, 'स्वैग गायब हो गया है। ममता बनर्जी का पोस्टर बॉय– बलात्कारी शेख शाहजहां बच्चों की तरह रो रहा है। अपराधी अनुब्रत मंडल जेल में है। ऐसा ही भाग्य शौकत मुल्ला, जहांगीर खान और अन्य लोगों का भी इंतजार कर रहा है, जिन लोगों ने बंगाल में आतंक मचा रखा था।' उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा। मालवीय ने आगे लिखा, 'जब कानून पकड़ता है, तो कोई भी बचाने नहीं आता है। ममता बनर्जी तो बिल्कुल भी नहीं। वह अपने मंत्रियों को ही नहीं बचा सकतीं।' यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी शेख को नॉर्थ 24 परगना के मीनाखान से गिरफ्तार किया गया था। खास बात है कि भाजपा ने बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र से कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाली रेखा पात्रा को मैदान में उतारा है।

## उत्तराखंड परिवहन निगम की ओर से पुलिस पेंशनसरों को मिली राहत

### अब मुफ्त में कर सकेंगे यात्रा



देहरादून। उत्तराखंड परिवहन निगम की साधारण बसों में 65 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त यात्रा में पुलिस पेंशनर्स को बड़ी राहत दी गई है। अब वह पुलिस मुख्यालय से जारी किए गए पेंशनर्स कार्ड के आधार पर मुफ्त यात्रा का लाभ ले सकेंगे। अब तक पुलिस पेंशनर्स को भी वरिष्ठ नागरिकों के समान आधार कार्ड दिखाने पर ही मुफ्त यात्रा का लाभ दिया जा रहा था। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत परिवहन निगम की साधारण बसों में विभिन्न श्रेणी के यात्रियों को मुफ्त यात्रा कराई जाती है। इनमें 65 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिक व सभी श्रेणी की छात्राओं को भी लाभ दिया जाता है। छात्राओं को मुफ्त यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर मासिक पास बनाना पड़ता है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा के दौरान आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य है। पेंशनर्स कार्ड के आधार पर मुफ्त यात्रा न कराने को लेकर भेजा पत्र इस संबंध में पुलिस पेंशनर्स कल्याण समिति के सचिव जगदीश आर्य की ओर से परिवहन निगम मुख्यालय को पत्र भेजकर बताया गया था कि बसों में पुलिस मुख्यालय से जारी पेंशनर्स कार्ड के आधार पर मुफ्त यात्रा नहीं कराई जा रही। बुधवार को परिवहन निगम के महाप्रबंधक दीपक जैन ने आदेश जारी किया कि पुलिस मुख्यालय से जारी पेंशनर्स कार्ड के आधार पर पुलिस के सेवानिवृत्त 65 वर्ष से ऊपर के कार्मिकों को मुफ्त यात्रा का लाभ दिया जाए।

## कन्नौज से ताल ठोकेंगे अखिलेश यादव, उम्मीदवारी पर बन गई बात

कन्नौज,समाजवादी पार्टी ने कन्नौज से तेज प्रताप यादव को लड़ाने का फैसला बदल लिया है।

सपा नेतृत्व के नजदीकी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता और नेता अखिलेश यादव के ही कन्नौज से चुनाव लड़ने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। कन्नौज की सियासी सरगर्मियों के बीच सपा ने कन्नौज से प्रत्याशी बदल दिया है।

अब पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव स्वयं यहां से चुनाव लड़ेंगे। दो दिन पहले सोमवार को सपा प्रत्याशी के रूप में तेज प्रताप का नाम घोषित करने के बाद स्थानीय नेताओं में में निराशा और नाराजगी दिखने लगी थी। कार्यकर्ताओं की मांग पर दोपहर में संकेत देने के बाद शाम को अखिलेश यादव का नाम घोषित कर दिया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम की कार्यप्रणाली पर चुनाव आयोग से मांगा स्पष्टीकरण



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की कार्यप्रणाली के संबंध में कुछ पहलुओं पर चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगा और दोपहर 2 बजे एक वरिष्ठ चुनाव पैनल अधिकारी को तलब किया है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मतदाता सत्यापन योग्य पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) के साथ ईवीएम का उपयोग करके डाले गए वोटों के पूर्ण क्रॉस–सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, उन्होंने कहा कि इसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। ईवीएम पर चुनाव आयोग द्वारा 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों' में दिए गए उत्तरों में कुछ भ्रम है। पीठ ने चुनाव आयोग की ओर से उपस्थित अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, हम गलत नहीं होना चाहते लेकिन अपने निष्कर्षों में दोगुना आश्वस्त हैं और इसलिए हमने स्पष्टीकरण मांगने के बारे में सोचा।

वहीं, भाटी को दोपहर 2 बजे वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त नितेश कुमार व्यास को बुलाने के लिए कहा गया। व्यास ने इससे पहले ईवीएम की कार्यप्रणाली पर अदालत में एक प्रेजेंटेशन दिया था।

इसने कुछ बिंदुओं को चिह्नित किया जिन पर अदालत स्पष्टीकरण चाहती थी जो ईवीएम के भंडारण, ईवीएम की नियंत्रण इकाई में माइक्रोचिप और अन्य पहलुओं से संबंधित है। वीवीपीएटी एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है जो मतदाताओं को यह देखने में सक्षम बनाती है कि उनका वोट सही तरीके से डाला गया है या नहीं।

## चार धाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा, 50 जगहों पर होगी जांच



देहरादून। चार धाम यात्रा के लिए उत्तराखंड में जोरों से तैयारी चल रही है। शासन ने चार धाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच को मानक परिचालन कार्यविधि जारी कर दी है। इसके अंतर्गत यात्रियों को यात्रा पर आने से पहले और यात्रा के दौरान उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी गई है।

इस बार यात्रा मार्ग पर 50 स्थानों पर स्वास्थ्य केंद्र बनाए जा रहे हैं। यहां पर यात्रियों की उच्च रक्तचाप व मधुमेह समेत 28 मानकों पर जांच की जाएगी। सचिव स्वास्थ्य डा आर राजेश कुमार ने बताया कि यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**वेबसाइट पर भरनी होगी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी**

पर्यटन विभाग की वेबसाइट क्रियाशील हो गई है। इसमें स्वास्थ्य संबंधी एक कॉलम भी रखा गया है। इसमें यात्री अपने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भरेंगे, जो उन्हें जरूरत के समय उपचार उपलब्ध कराने में मदद करेगी। सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि चार धाम यात्रा के लिए मानक प्रचालन कार्यविधि 11 भाषाओं में तैयार की गई है। इसे ङ्क्षहदी व अंग्रेजी के अलावा गुजराती, मराठी, तेलगु समेत नौ भाषाओं में तैयार कर संबंधित राज्यों को भेजा गया है।

**स्वास्थ्य केंद्रों में होगी श्रद्धालुओं की जांच**

सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि चार धाम में बनाए बनाए जाने वाले स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक व स्वास्थ्य कार्मिकों के साथ ही स्वास्थ्य मित्रों की तैनाती भी की जाएगी। यहां दवा व ऑक्सीजन सिलिंडर समेत सभी जरूरी उपकरण रखे जाएंगे। स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों के साथ ही छह से अधिक प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी तैनात किए गए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही एक दर्जन से अधिक प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती की गई है।

**यात्रा की योजना बनाने से पहले इन बातों का रखें ध्यान**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मानक प्रचालन कार्यविधि में यात्रियों को कहा गया है कि वे कम से कम सात दिन के लिए चारधाम यात्रा की योजना बनाएं। केदारनाथ व यमुनोत्री में पैदल चलते समय एक से दो घंटे बाद पांच से 10 मिनट तक विश्राम करें। यात्रा के लिए गरम कपड़े, बारिश से बचाव के लिए रेनकोट, छाता, स्वास्थ्य जांच के लिए पल्स आक्सीमीटर व थर्मामीटर साथ रखें।

## हमारे चुनाव में इतनी दिलचस्पी क्यों? एस जयशंकर ने खोली पश्चिमी मीडिया की पोल

हैदराबाद । भारत का आम चुनाव एक पर्व की तरह होता है। इस चुनाव को कवर करने के लिए भारत के साथ–साथ विदेशी मीडिया भी उतनी ही लालायित रहती है। इस बार भी आम चुनाव का बिगुल बज चुका है। सात चरणों में होने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। अब भारत के मतदाता दूसरे चरण के मतदान के प्रति अपना रुख कर रहे हैं। देश के इस चुनाव को कवर करने के लिए कई विदेशी मीडिया भारत आ रही हैं। कई लेख भी लिखे जा रहे हैं। पूरी तरह से ग्लोबल हो चुके इस आम चुनाव की कवरेज को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिमी मीडिया के रोल पर बेबाक टिप्पणी की है।

एस जयशंकर ने भारतीय लोकतंत्र में हस्तक्षेप के लिए पश्चिमी मीडिया को लताड़ लगाई है।

## चुनाव आयोग ने की पीएम मोदी के भाषण के खिलाफ दर्ज शिकायतों की जांच




नई दिल्ली । चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान में दिए गए भाषण के खिलाफ दर्ज शिकायतों पर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि कांग्रेस और मार्क्सवादी कांग्रेस पार्टी (माकपा) ने पीएम के बयान को लेकर चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया था। इसमें पीएम मोदी ने आरोप लगाया था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह लोगों की संपत्ति को मुस्लिमों को बांट देगी।चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक, पीएम के बयान को लेकर दर्ज शिकायतों पर विचार किया जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आयोग से 140 पेज में 17 शिकायतें की हैं। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से अपील की कि वह प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे। पार्टी ने तर्क दिया है कि पीएम मोदी के विभाजनकारी और दुर्भावनापूर्ण बयान देकर आचार संहिता का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया है। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी और 15 अन्य विषयों पर शिकायतें कीं। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और गुरदीप सप्पल शामिल थे। दूसरी तरफ माकपा ने कहा कि उसने राजस्थान में संपत्ति के वितरण संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत करने के साथ दिल्ली पुलिस प्रमुख को एक शिकायत भेजी थी। इस मामले में एक चिट्ठी दिल्ली के पुलिस आयुक्त को भेजी गई थी।

**पीएम मोदी ने क्या कहा था?**

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को राजस्थान की एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है, तो वह लोगों की संपत्ति लेकर घुसपैठियों और ज्यादा बच्चा पैदा करने वालों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर 'पहला हक' अल्पसंख्यक समुदाय का है।

## संपादकीय

# भ्रमित करते विज्ञापन

आमजन के स्वास्थ्य से संबंधित विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो रवैया दिखाया है उससे उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले दिनों में समाज में फैलाए जा रहे भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लग सकेगी। हालांकि स्वास्थ्य के नाम पर जनता को जिस प्रकार से भ्रमित किया जाता है उसे पर लगाम कसने राज्य सरकार का कार्य है लेकिन इस प्रकार के विज्ञापनों को लेकर ना तो कभी सरकारें गंभीर नजर आईं हैं और ना ही इन्हें प्रकाशित करने वाले टीवी चैनल या समाचार पत्र। पतंजलि आयुर्वैदिक कंपनी के भ्रमित करने वाले विज्ञापनों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने संस्था को माफी नामा प्रकाशित करने के निर्देश दिए तो साथ ही वहीं एलोपैथिक चिकित्सकों को भी बाजार की दवाइयां जबरन लिखने पर चिन्हित किया। सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से जो सवाल किया वह आज की स्थिति में काफी महत्वपूर्ण बन जाते हैं क्योंकि सरकारी दवाएं एवं जन औषधि केंद्र होने के बावजूद भी सरकारी चिकित्सक मरीज को ब्रांडेड दवाइयां खरीदने के लिए विवश कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आईएमए के पदाधिकारी को इस कृत्य की जानकारी ना हो लेकिन सरकारी अस्पतालों का पूरा तंत्र ब्रांडेड दवाइयां की कमीशन खोरी में घिरा हुआ है। केंद्र एवं राज्य सरकार सरकारी अस्पतालों में जरूरत की सभी निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराती हैं लेकिन इसके बावजूद भी मरीज को बाहर से दवाइयां खरीदने के लिए विवश किया जाता है। साफ है बिना कमीशन और मोटे उपहार के लालच में चिकित्सक ब्रांडेड दवाइयां लिखते हैं जो केवल कुछ चुनिंदा अस्पतालों के निकट केमिस्ट पर ही मिल पाती हैं। मामला भले ही पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सुर्खियों में आया है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने आमजन से जुड़ी समस्या को जिस प्रकार से पूरे समाज के आगे रखा वहां बेहद सराहनीय कहा जा सकता है। पतंजलि आयुर्वेद को निशाने पर खड़ा करने वाले आईएमए संस्थान को भी सुप्रीम कोर्ट ने नसीहत दी कि वह अपना घर भी ठीक करें ताकि आम जनता पर अनावश्यक बोझ ना पड़े। सरकारी चिकित्सकों के लिए उपचार के दौरान दिशा निर्देश जारी हैं लेकिन जब बात अपनी जेब गर्म करने की आती हो तो सरकारी दवाओं से कुछ चिकित्सकों की पूर्ति नहीं हो पाती और इसके लिए विवश किया जाता है मरीजों को उन खास कंपनियों की दवाई खरीदने के लिए जो चिकित्सकों को आर्थिक एवं दूसरे लाभ उपलब्ध कराते हैं। सुप्रीम कोर्ट का भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सख्त निर्देश जारी करना बेहद जरूरी था क्योंकि आज तमाम प्रकाशन समूह ऐसे भ्रामक विज्ञापनों की अंधी दौड़ में आमजन के हित को भूल बैठे हैं। प्रकाशन समूहों को इस बात से कोई मतलब नहीं की जो विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहे हैं वह आम जनता के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद हैं भी या नहीं? केंद्र सरकार को भ्रामक विज्ञापनों को लेकर कड़े देश और निर्देश जारी करने चाहिए जो की न केवल निर्माता कंपनियां बल्कि प्रकाशन समूहों पर भी लागू हो। समाज के हित में अपनी भूमिका निभाने की दिशा में नामी हस्तियों को भी अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए और ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से खुद को दूर रखना चाहिए जिनका प्रयोग वह शायद अपने जीवन में कभी भी ना करते हो। मात्र पैसों के लिए विज्ञापनों की दौड़ में दौड़ना नैतिक दृष्टि से भी सही नहीं कहा जा सकता। एलोपैथी के साथ–साथ आयुर्वेदिक पद्धति भी एक बड़ा विशाल विज्ञान है जो यदि कुशल हाथों में है तो जीवन दायिनी बन सकता है और यदि स्वार्थी लोगों के हाथों में इसकी कमान आ जाए तो फिर लाभ के लालच में जिंदगी के साथ खिलवाड़ भी किया जा सकता है।

# संकटों से घिरती दुनिया

**आखिरकार, आशंका हकीकत में बदल गई और ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइलों से बौछार शुरू कर दी और कहा कि इजराइल ने हमले की जो पहल की थी, उसी का यह जवाब है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के आधार पर यदि संयुक्त राष्ट्र के किसी सदस्य के विरुद्ध सशस्त्र हमला होता है, तो वर्तमान चार्टर में कुछ भी व्यक्तिगत या सामूहिक आत्मरक्षा के अन्तर्निहित अधिकार को खराब नही करेगा, जब तक कि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय नही करती। ईरान ने इसका ध्यान रखते हुए 13 दिन बाद आखिरकार, इजराइल की कार्रवाई का बदला लिया। इस बहुउद्देशीय हमले का प्रमुख लक्ष्य इजराइल के एअर डिफेंस सिस्टम को कमजोर करना रहा। ईरान ने इस हमले को ऑपरेशन टू प्रॉमिस नाम दिया और कहा कि यह इजराइल के अपराधों की सजा है। इस घटना से सतर्क इजराइल ने अपने आयरन ड्रोन एयर डिफेंस सिस्टम भी एक्टिव किए जो अधिकांश हमलों को नाकाम करने में सफल रहे। ईरानी मिसाइलों ने नेगेव रेगिस्तान में इजराइली एयरबेस को भी तबाह कर दिया। तेहरान की खबर के अनुसार यहीं से इजराइल ने दमिश्क में हमला करके ईरानी दूतावास पर मिसाइलें दागी थीं।**

**डॉ. सुरेन्द्र कु. मिश्र**

ईरान–इजराइल युद्ध को लेकर पूरी दुनिया एक बार फिर संकटों से घिरती नजर आ रही है। ईरान ने इजराइल पर अपने ड्रोन और मिसाइलों से प्रतीक्षित पहला प्रत्यक्ष हमला कर दिया है।

इजराइल सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी के अनुसार ह्यईरान ने 300 से अधिक आत्मघाती ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइलों तथा क्रूज मिसाइलों द्वारा हमला कर दिया है। वास्तव में यह संकटपूर्ण स्थिति है।ह्ल

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव में युद्ध की घातक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी कैबिनेट की बैठक बुलाई और कहा, ह्यहमारी रक्षात्मक प्रणाली जहां तैयार, तैनात और तत्पर है वहीं अब हम रक्षात्मक तथा आक्रमणात्मक, दोनों तरह से किसी भी स्थिति के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं। वास्तव में यह तनाव और तनातनी उस समय चरम पर जा पहुंची जब इजराइल के 1 अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हवाई हमले से ईरान के एक वरिष्ठ जनरल सहित सेना के सात अधिकारी मारे गए। उसी दिन इजराइल को दंडित करने की घोषणा, ईरान द्वारा सार्वजनिक रूप से कर दी गई थी।

आखिरकार, आशंका हकीकत में बदल गई और ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइलों से बौछार शुरू कर दी और कहा कि इजराइल ने हमले की जो पहल की थी, उसी का यह जवाब है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के आधार पर यदि संयुक्त राष्ट्र के किसी सदस्य के विरुद्ध सशस्त्र हमला होता है, तो वर्तमान चार्टर में कुछ भी व्यक्तिगत या सामूहिक आत्मरक्षा के अन्तर्निहित अधिकार को खराब नहीं करेगा, जब तक कि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय नहीं करती। ईरान ने इसका ध्यान रखते हुए 13 दिन बाद आखिरकार, इजराइल की कार्रवाई का बदला लिया।



इस बहुउद्देशीय हमले का प्रमुख लक्ष्य इजराइल के एअर डिफेंस सिस्टम को कमजोर करना रहा। ईरान ने इस हमले को ह्यऑपरेशन टू प्रॉमिसह्ल नाम दिया और कहा कि यह इजराइल के अपराधों की सजा है। इस घटना से सतर्क इजराइल ने अपने आयरन ड्रोन एयर डिफेंस सिस्टम भी एक्टिव किए जो अधिकांश हमलों को नाकाम करने में सफल रहे। ईरानी मिसाइलों ने नेगेव रेगिस्तान में इजराइली एयरबेस को भी तबाह कर दिया। तेहरान की खबर के अनुसार यहीं से इजराइल ने दमिश्क में हमला करके ईरानी दूतावास पर मिसाइलें दागी थीं।

इस हमले के बाद इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र से ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की। आईआरजीसी ईरानी सशस्त्र बलों की एक शाखा है, जिसकी स्थापना 22 अप्रैल, 1979 को अयातुल्ला रुहोल्ला मोसाबि खुमैनी के आदेश से ईरानी क्रांति के पश्चात की गई थी। हमास ने इजराइल पर ईरान के हमले का स्वागत किया है, और कहा कि यह एक प्राकृतिक अधिकार और योग्य प्रतिक्रिया है। ईरान ने इजराइल के साथ ही अमेरिका को भी चेतावनी दी है कि इजराइली सैन्य कार्यवाही का समर्थन न करे। ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बखेरी ने स्टेट दूरदर्शन को बताया, ह्यअगर इजराइल ने ईरान के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई की तो हमारी प्रतिक्रिया आज की सैन्य कार्रवाई से कहीं अधिक बड़ी होगी। यदि अमेरिका इजराइल को सहयोग देगा तो अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया जाएगा।ह्ल

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल के प्रधानमंत्री से नेतन्याहू से कहा है कि अमेरिका इजराइल के किसी भी जवाबी हमले का विरोध करेगा और किसी भी जवाबी कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा। क्या इजराइली प्रधानमंत्री अपनी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा के लिए जवाबी कार्रवाई करके दुनिया के लिए संकट का एक नया द्वार खोल देंगे। इजराइल काउंटर कार्रवाई करता है तो निश्चित रूप से युद्ध का सिलसिला बढ़ता ही जाएगा। जल्द थमने का नाम नहीं लेगा।

लेबनानी मीडिया की रिपोर्ट है कि इजराइल ने सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर हमला किया है जबकि जोर्डन का कहना है कि उसने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रोजेक्टाइल को रोका है। इजराइल तथा अमेरिका के जेट विमानों ने सीरियाई हवाई क्षेत्र में दर्जनों ईरानी ड्रोनों को मार गिराया और वे सभी लक्ष्य के पूर्व ही निरस्त कर दिए गए। ये दर्जनों ड्रोन और मिसाइल दक्षिण सीरिया के डेरा प्रांत, सीरियाई गोलान हाइट्स और इराक के साथ सीमा पर पूर्वी सीरिया के अनेक स्थानों पर उड़ रहे थे। जॉर्डन के प्रधानमंत्री बिशेर खसावनेह का कहना है कि क्षेत्र में कोई भी तनाव ह्यखतरनाक रास्ते की ओर ले जाएगा और सभी पक्षों को तनाव करने तथा नियंत्रित करने की आवश्यकता है। ईरान द्वारा आकस्मिक बड़े आक्रमण के बाद इजराइल ने स्वीकार किया, ह्यइन हमलों से केवल हमारे एक सैन्य अड्डे को मामूली क्षति हुई है, और अधिकांश हवाई खतरों को रोक दिया गया।ह्ल

उधर, अमेरिका जी–7 देशों (कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूके तथा यूएसए) की आपात बैठक में इस समस्या पर विचार–विमर्श करेगा। संयुक्त राष्ट्र और नाटो ने इस मामले पर बैठक बुलाई है। इजराइल ने 24 घंटे के अंदर काउंटर अटैक करने की बात तो कही है, किन्तु वह भी भलीभांति जानता है कि भले ही अमेरिका, फ्रांस, इंग्लैंड सहित अनेक देशों का उसे साथ मिल रहा है, किन्तु यूक्रेन की तरह स्वयं को ही परिणाम भुगतना पड़ेगा।

दूसरी ओर, ईरान का साथ देने के लिए रूस, चीन और उत्तर कोरिया नजर टिकाए हुए हैं। भारत भी ऊहा–पोह की स्थिति में है, क्योंकि ईरान और इजराइल के साथ उसके मित्रवत संबंध हैं। इसलिए भारत इजराइल को संयम, नियम एवं धैर्य से काम लेने की सलाह दे रहा है। इजराइल भी इस समय असमंजस में है, क्योंकि हमास, हुती और हिजबुल्लाह (एच–3) के साथ चौथे मोर्चे पर ईरान संभल कर जवाब देना चाहेगा किन्तु नेतन्याहू अपनी सुरक्षा और प्रतिष्ठा के कारण ईरान पर कार्रवाई करते हैं, तो इस महासमर में विरोधी और समर्थक देशों के जुड़ने के आसार भी बहुत बढ़ जाएंगे। कहीं जवाबी हमला अपनी सीमाओं से हटकर दुनिया के अन्य देशों को भी अपनी चपेट में न ले ले। यदि संकटों से घिरती दुनिया पर समय पर ध्यान नहीं दिया गया, तो कल बहुत देर हो जाएगी।

# स्वार्थ की जंग में राष्ट्रीयता की शहादत

**डा. रवीन्द्र अरजरिया**

देश में चुनावी जंग जारी है। सभी राजनैतिक पार्टियां अपनी निर्धारित नीतियों–रीतियों के अलावा तात्कालिक हथकण्डे आजमाने में लगीं हैं। बंगाल का चुनावी इतिहास आतंक के साये में हमेशा से ही फलता–फूलता रहा है। कभी लाल सलाम का रंग चढता रहा तो कभी दीदी की दादागिरी चलती रही। घुसपैठियों की दम पर सत्ता हथियाने की मुहिम चलाने वाली तृणमूल मुखिया पर तो देश की सरकारी एजेन्सियों तक पर आक्रमण करवाने के आरोप लगते रहे हैं। पूर्व घोषित दंगों का व्यवहारिक स्वरूप सामने आने के बाद से तो वहां के आम निवासियों में भय व्याप्त होने लगा है। पुलिस के सामने ही अपराधों का कीर्तिमान गढने का जो सिलसिला प्रारम्भ हुआ, वह निरंतर जारी है। तुष्टीकरण के हथियार से देश को रक्तरंजित करने का षडयंत्र करने वाली पार्टियां कभी देश के टुकडे–टुकडे गैंग को चुनावी जंग में जहरीली सोच के साथ उतारतीं हैं तो कभी आतंक के पर्याय रहने वालों को गले लगाते हैं। सिध्दान्तों की होली जलाकर स्वार्थ सिध्दि का परिणाम पाने वालों की संख्या में निरंतर बढोत्तरी होती जा रही है। हिन्दूवादी छवि के साथ बाला साहब ठाकरे ने शिवसेना का गठन किया था। उनके शरीर त्यागते ही पार्टी हथियाने का संग्राम शुरू हो गया। विरोधी नीतियों के पक्षधरों के साथ मिलकर सत्ता–सिंहासन लेने का क्रम चल निकला। मुसलमानों को संरक्षण देने के नाम पर बनाई गई आल इण्डिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने अनेक अवसरों पर विरोधियों को गले लगाकर अपने सिध्दान्तों को कफन पहना दिया। दलितों की मसीहा बनने वाली बहुजन समाज पार्टी की नीतियों ने आधारभूत सिध्दान्तों को तिलांजलि देकर अपने विरोधियों के साथ मिलकर अनेक बार सरकार बनाई। जनता दल यूनाइटेड ने तो अपने आदर्शो को स्वार्थ की देहलीज पर किस्तों में कत्ल करके अनेक बार सत्ता पर काबिज हुई। स्वार्थपूर्ति में बाधा पडते ही

**घुसपैठियों की दम पर सत्ता हथियाने की मुहिम चलाने वाली तृणमूल मुखिया पर तो देश की सरकारी एजेन्सियों तक पर आक्रमण करवाने के आरोप लगते रहे हैं। पूर्व घोषित दंगों का व्यवहारिक स्वरूप सामने आने के बाद से तो वहां के आम निवासियों में भय व्याप्त होने लगा है। पुलिस के सामने ही अपराधों का कीर्तिमान गढने का जो सिलसिला प्रारम्भ हुआ, वह निरंतर जारी है। तुष्टीकरण के हथियार से देश को रक्तरंजित करने का षडयंत्र करने वाली पार्टियां कभी देश के टुकडे–टुकडे गैंग को चुनावी जंग में जहरीली सोच के साथ उतारतीं हैं तो कभी आतंक के पर्याय रहने वालों को गले लगाते हैं।**

असंतुष्टों व्दारा तो पुराने संगठन से दूरी बनाकर स्वयं के दल की घोषणा तक की जाती रही है। शासक बनने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार लोगों ने देश की अतीतकालीन संवेदनाओं, भावनाओं और चिन्तन को अनन्त गहराई में दफन कर दिया है। इस सारे क्रिया कलापों का स्पष्ट प्रतिबिम्ब राजनैतिक दलों के घोषणा पत्रों, न्याय पत्रों, संकल्प पत्रों आदि में परिलक्षित हो रहा है। अनेक दलों के संयुक्त गठबंधनों की अपनी कोई सांझी कार्ययोजना सामने नहीं आई है। गठबंधनों के सभी दल अपनी अगल–अलग सोच को लेकर सत्ता में पहुचने के बाद व्यवहार में लाने वाली कार्ययोजना का ढांचा प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसे में गठबंधनों का स्वयं का अस्तित्व ही खतरे में दिखाई पड रहा है। मुी भर सीटों पर चुनाव लडने वाले दल भी राष्ट्रीय नीतियों के निर्धारण करने में जुटे हैं। कहीं साम्प्रदायिक खाई को चौडा करने की होड लगी है तो कहीं जातिगत जनगणना के आधार पर शक्ति संघर्ष का आधार तैयार किया जा रहा है। कहीं अलग–अलग विशेषाधिकारों की वकालत हो रही है कहीं स्वतंत्रता के विकृत मायने परोसे जा रहे हैं।

स्वार्थ की जंग में राष्ट्रीयता की शहादत लेने वालों को देश का सम्मान, विकास और सौहार्द की कतई चिन्ता नहीं है। वे नेत्रवान होने के बाद भी धृतराष्ट्र बनने पर तुले हैं, मीरजाफर बनकर सुख बटोरना चाहते हैं और करना चाहते हैं किसी भी कीमत पर स्वार्थपूर्ति। ऐसे लोगों को राष्ट्रवादी तो क्या राष्ट्र का नागरिक तक कहना, शर्म की बात है। जिस देश के नागरिक अपनी धरती से उगने वाले अन्न और बहने वाले पानी पर जीवन यापन करने के बाद भी उसके टुकडे–टुकडे करने का मंसूबा पाल रहे हों वहां पर शान्ति, सुख और समृध्दि की बयार कभी भी जीवनदायिनी वायु नहीं बन सकती। अतीत में कोलकता के रास्ते से गोरों ने विनाश का दूत बनकर प्रवेश किया तो वहीं से सुभाषचन्द्र बोस जैसे स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा ने भी स्वाधीनता का शंखनाद किया था। मगर गोरों की चालों ने राष्ट्रनायक सुभाष को गुमनामी के अंधेरे में ढकेलकर अपने चमचों को देश का महान नेता बना दिया था। आजाद हिन्द फौज के रणबांकुरों से भयभीत होकर देश छोडने पर मजबूर हुए गोरों ने जाते–जाते मजहब के नाम पर देश को टुकडों में विभाजित कर दिया था किन्तु आज अनेक राजनैतिक दल हमारे भारत के पुनः टुकडे करने पर तुले हैं। विभाजनकारी, विध्वंशकारी और विनाशकारी सोच को संरक्षण देने वालों को मुंह तोड जबाब दिये बिना राष्ट्र को विकास के रास्ते पर ले जाना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। ऐसे में व्यक्तिगत हितों को त्यागकर राष्ट्र हित के आधार पर ही मतदान करना आवश्यक नहीं बल्कि नितांत आवश्यक है, तभी देश बच सकेगा। इस बार बस इतना ही।

# सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज, धांसू अंदाज में दिखी लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण

रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की पांचवी फिल्म सिंघम अगेन पिछले लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है. फैंस इस मल्टीस्टारर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. रोहित ने कुछ समय पहले फिल्म के सारे कैरेक्टर से दर्शकों को इंट्रोड्यूस करवाया था, जिसके बाद से फैंस इस फिल्म को लेकर बेहद एक्साइडेट हैं.फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना बढ़ाने के लिए रोहित ने एक बार फिर दीपिका पादुकोण का लुक पोस्टर शेयर किया है. इस फोटो में एक्ट्रेस का दमदार अवतार देखने को मिल रहा है. रोहित शेट्टी ने इसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है कि ये मेरी हीरो है. रील और रियल लाइफ में भी लेडी सिंघम...सोशल मीडिया पर रोहित शेट्टी का ये पोस्ट खूब वायरल हो रहा है. फोटो पर कमेंट्स की



बाढ़ आ गई है. किसी एक यूजर ने लिखा कि एक मां यूनिफॉर्म पहनकर देश की सेवा कर रही है. तो किसी अन्य यूजर ने लिखा कि लेडी सिंघम फायर है. मजा आ गया बाबू भैया... वहीं दीपिका के फर्स्ट लुक पोस्टर में एक्ट्रेस ने पुलिस की वर्दी पहने चंडालिका रूप दिखाया था. पोस्टर में एक्ट्रेस गुंडे के ऊपर बैठकर उसके बाल को एक हाथ के खींच रही हैं और दूसरे हाथ से उसके माथे पर बंदूक ताने हुए नजर आईं थीं.बता दें कि साल 2022 में आई फिल्म सर्कस के दौरान डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने अपनी लेडी सिंघम का खुलासा कर दिया था. उन्होंने बता दिया था कि दीपिका पादुकोण ही सिंघम अगेन में लेडी सिंघम बनेंगी.बता दें कि इन दिनों मुंबई में सिंघम 3 की शूटिंग चल रही है. मुंबई में ही इसका सेट तैयार किया गया है. वहीं फिल्म के स्टारकास्ट की बात करें को दीपिका के अलावा रोहित की इस मल्टीस्टारर फिल्म में दीपिका के अलावा अजय देवगन, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार जैसे कलाकार धमाल मचाते हुए नजर आएंगे. खबरें हैं कि ये मूवी इसी साल 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होगी.

## लॉकबस्टर फिल्म हनुमान का जलवा अब भी बरकरार, 25 स्क्रीन्स पर 100 दिन पूरे किए

साल 2024 की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म होने का तमगा हासिल करने वाली हनुमान का जलवा अब भी कायम है। मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म ने अब तक कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। इस फिल्म की कहानी से लेकर वीएफएक्स तक लोगों को खूब पसंद आए थे। दक्षिण भारत के अलावा हिंदी भाषी राज्यों में भी फिल्म ने जबर्दस्त कमाई की थी।

अब इस फिल्म ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। दरअसल, फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने 100 दिन पूरे कर लिए हैं। फिल्म ने तेलुगु राज्यों के 25 केंद्रो में 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इस बात की जानकारी खुद फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा ने दिया है।

उन्होंने लिखा, इस अद्भुत यात्रा का हिस्सा जो लोग भी बने उनके लिए मेरा दिल अत्यधिक कृतज्ञता से भरा हुआ है। सिनेमाघरों में हनुमान के 100 दिन का जश्न मनाना एक ऐसा क्षण है, जिसे मैं जीवन भर याद रखूंगा। इस मील के पत्थर के लिए मैं दर्शकों का आभारी हूं। इन दिनों दो से दो से तीन सप्ताह तक चलने वाली तेलुगु फिल्मों के बीच हनुमान का सिनेमाघरों में 100 दिन तक प्रदर्शित होते रहना किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है।

# शाहीन अफरीदी ने लगाई लंबी छलांग

नई दिल्ली। आईसीसी ने बुधवार को टी20 की नई रैंकिंग जारी कर दी है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मौजूदा समय में पांच मैचों की टी20 मैचों खेली जा रही है, जिसमें पाकिस्तान टीम की कप्तानी बाबर आजम कर रहे हैं। इस बीच सीरीज में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले शाहीन अफरीदी को जबरदस्त फायदा हुआ है।

आईसीसी मेंस टी20क प्लेयर रैंकिंग में शाहीन अफरीदी को दूसरे टी20क मैच में प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया था। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में शानदा स्पैल 3/13 डाला था और हर किसी को इंप्रेस भी किया। अब उन्हें आईसीसी की टी20 रैंकिंग में जबरदस्त फायदा मिला है। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन ने भी आईसीसी टी20 रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई हैं। भारतीय टीम के मिडिल ऑर्डर बैटर सूर्यकुमार यादव



अभी टी–20 रैंकिंग में नंबर 1 पर विराजमान हैं। पाकिस्तान टीम के स्टार शाहीन अफरीदी ने टी20 रैंकिंग में छलांग लगाई हैं। शाहीन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 रन देकर 3 विकेट झटके थे, जिसके बाद उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन का ईनाम आईसीसी से मिला हैं। शाहीन अफरीदी को ळ20क गेंदबाजों में दो स्थान का फायदा हुआ है। वह दो पायदान ऊपर चढ़कर 19वें स्थान से 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। शाहीन अफरीदी इस तरह पाकिस्तान के सबसे ज्यादा रेटिंग वाले टी–20 गेंदबाज बन गए हैं। वहीं, न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन ने 12 स्थानों की लंबी छलांग लगाते हुए 33 स्थान का फायदा हुआ। आईसीसी टी20क रैंकिंग में भारतीय टीम के सूर्यकुमार यादव 861 की रेटिंग के साथ टॉप पर विराजमान हैं। पिछले कुछ वक्त से इंटरनेशनल क्रिकेट से जरूर हैं, लेकिन वह टी20 रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं। वहीं इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर दो और दो प्यार ने एलएसडी 2 को चटाई धूल

बॉक्स ऑफिस के लिहाज से हमेशा खास रहता है। इस समय बड़े पर्दे पर लव सेक्स और धोखा 2, दो और दो प्यार, मैदान और बड़े मियां छोटे मियां दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लगी हुई हैं।विद्या बालन की फिल्म की कमाई में जहां उछाल देखने को मिला, एलएसडी 2 की हालत और खस्ता हो चुकी है।इसके साथ ही बाकी दो फिल्मों के भी रविवार के आंकड़ें भी सामने आ गए हैं।

दिबाकर बनर्जी की लव सेक्स और धोखा 2 (एलएसडी 2) सिनेमाघरों में फ्लॉप साबित हो रही है।साल 2010 की हिट फिल्म लव सेक्स और धोखा के इस सीक्वल के बॉक्स ऑफिस पर खराब शुरुआत के बाद फिल्म ने रविवार तक




सिर्फ 35 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया है।रविवार की बात करें तो फिल्म के संग्रह में और गिरावट देखने को मिली है। फिल्म ने अपने तीसरे दिन महज 8 लाख रुपये का ही कारोबार किया है।विद्या और प्रतीक गांधी की फिल्म दो और दो प्यार की हालत में रविवार को सुधार देखने को मिला है।सैकनिल्क के मुताबिक, पहले दिन जहां फिल्म ने 55 लाख रुपये कमाए थे, वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 95 लाख रुपये की कमाई की थी।इसके साथ ही तीसरे दिन यानी रविवार को इसने 1.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद भारत में इसका कुल कारोबार 2 करोड़ 65 लाख रुपये हो गया है।

अजय देवगन की मैदान बॉक्स ऑफिस पर घुटने टेकने लगी है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह होने के बाद यह कुछ कमाल नहीं दिखा सकी। उल्टा फिल्म का कारोबार दिन–ब–दिन और गिरता जा रहा है।11वें दिन भी फिल्म कमाई के लिए संघर्ष करती दिखी।

## मैदान पर मारी गुलाटी

नई दिल्ली। क्रिकेट के मैच पर अक्सर फील्डर्स को शानदार कैच लपकते हुए देखा जाता है। आईपीएल के 17वें सीजन में भी एक से बढ़कर एक बेहतरीन कैच हर मैच में खिलाड़ी पकड़ रहे हैं। आईपीएल 2024 के 40वें मैच में गुजरात टाइटंस का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हो रहा है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत खराब रही। दिल्ली की टीम ने 36 रन के स्कोर पर अपने शुरुआती दो विकेट गंवा दिए। संदीप वॉरियर ने दिल्ली कैपिटल्स के दोनों ओपनर्स का शिकार पारी के चौथे ओवर में किया। इन विकेट में नूर अहमद का भी अहम हाथ रहा, जिन्होंने शानदार तरीके से डाइव लगाकर दिल्ली कैपिटल्स के ओपनर्स का कैच लपका। सोशल मीडिया पर नूर अहमद का वीडियो खूब तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह पृथ्वी शॉ का अविश्वसनीय कैच लपकते हुए नजर आ रहे हैं। र

# साइन लैंग्वेज में आईपीएल कमेंट्री से नई क्रांति

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के लिए स्टार स्पोर्ट्स पर ने साइन लैंग्वेज में कमेंट्री की शुरूआत की है। इस नए जारी हुए आंकड़ों से चौंका देने वाला खुलासा हुआ है। साइन लैंग्वेज में आईपीएल का लुत्फ उठाने वाले फैंस की संख्या में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसका प्रमुख कारण आईपीएल प्रसारण में लाई जा रही अलग–अलग टेक्नोलॉजी रही है।डिज्नी स्टार ने आईपीएल 2024 के पहले 22 दिनों (26 मैचों) के लिए 44.8 करोड़ दर्शकों तक अपनी पहुंच बनाई है, जिससे कुल 18,800 करोड़ मिनट देखा गया है। यह पिछले सीजन की तुलना में 8 प्रतिशत ज्यादा है, जबकि मैच रेटिंग (टीवीआर) में 15 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई है।




आईपीएल 2024 में अलग–अलग टेक्नोलॉजी के उपयोग से दर्शकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

**आईपीएल 2024 के लिए स्टार स्पोर्ट्स की विशेषताएं:–**

सांकेतिक भाषा कमेंट्री:– एक अभूतपूर्व पहल में स्टार स्पोर्ट्स ने बधिर, कम सुनने वाले और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए सांकेतिक भाषा कमेंट्री शुरू की है। आईपीएल को सभी के लिए समावेशी बनाने के उद्देश्य से दिव्यांग प्रशंसक वर्णनात्मक कमेंट्री और समावेशी सुविधाओं के साथ खेल के रोमांच का आनंद ले सकते हैं।

शोर मीटरः आईपीएल 2024 देखने वाले दर्शक 'शोर मीटर' उत्साह माप सुविधा के साथ भीड़ की नब्ज महसूस कर सकते हैं। प्रशंसक हर हाई–ऑक्टेन मैच के रोमांच को माप सकते हैं, क्योंकि 'शोर मीटर' वास्तविक समय में डेसिबल स्तर के माध्यम से स्टेडियम में दर्शकों के शोर को मापता है।

## एक नजर

### गुलदार का शव बरामद, मचा हड़कंप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़वाल वन प्रभाग की पौड़ी रेंज के तहत बुधवार को एक गुलदार का शव मिलने की सूचना से विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार के शव को कब्जे में ले लिया। गुलदार की मौत की वजह वनाधकारियों ने आपसी संघर्ष बताया है। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वपनिल अनिद्ध ने बताया कि मृत गुलदार की उम्र करीब 3 साल है। गुलदार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कर दिया गया है। बताया कि आपसी संघर्ष में गुलदार की मौत हो गई।

### बाल नारायण मंदिर निर्माण कार्य शुरू

चमोली : कड़ाकोट पट्टी के भंगोटा गांव में बुधवार को प्राचीन बाल नारायण मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ हुआ। शिलान्यास समारोह में ब्लॉक प्रमुख यशपाल नेगी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण रावत आदि मौजूद रहे। रैंस और डुंग्री गांव की नैणी देवी की देवरा यात्रा में भंगोटा गांव के बाल नारायण भगवान ही यात्रा का प्रतिनिधित्व करते हैं। भंगोटा गांव में प्राचीन नारायण मंदिर का जीर्णोद्धार कर भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। (एजेंसी)

### शिविर 125 लोगों ने कराई जांच

चमोली : पालिका सभागार गौचर में हंस फांउडेसन सतपुली की ओर से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजित किया गया। शिविर में 125 से अधिक लोगों ने आखों की जांच कराई। जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्में और दवा वितरित की गई। सामाजिक कार्यकर्ता सुनील पंवार ने बताया कि 30 जरुरतमंदों को मोतियाबिंद की शिकायत मिलने पर फाउंडेशन की ओर से ऑपरेशन कराए जाएंगे। (एजेंसी)

### चालक के नशे में होने पर वाहन सीज

चमोली : शराब के नशे की हालत में वाहन चलाने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिया है। थराली थाना प्रभारी देवेंद्र पंत ने बताया चैकिंग के दौरान वाहन चालक नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम चौंडा थाना थराली शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया गया। चालक द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में वाहन चालक को 185 एमवी एक्ट में गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया गया। (एजेंसी)

### कंट्रोल बर्निंग कर वनाग्नि रोकने के प्रयास में जुटा विभाग

नई टिहरी : बुधवार को वन विभाग की बालगंगा रेंज के कर्मचारियों ने सरांस गांव के पास वनाग्नि से बचे क्षेत्र में कंट्रोल बर्निंग की। अब तक बालगंगा और भिलंगना रेंज के जंगल कई बार जल चुके हैं। इस साल फायर सीजन से पहले ही दिसंबर–जनवरी माह से ही जंगल धधकने शुरू हो गए थे। रेंज अधिकारी प्रदीप चौहान ने दावा किया कि वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए विभाग सतर्क है। नौ क्रू स्टेशन स्थापित कर नजर रखी जा रही है। जंगल के बचे हुए हिस्सों में कंट्रोल बर्निंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि जंगलों मे आग लगाने के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

### पूर्णाहूति के साथ संपंन हुआ मां सन्यासणी में महायज्ञ

रुद्रप्रयाग : कमेड़ा गांव में मां सन्यासणी देवी मंदिर में चल रहे 9 दिवसीय महायज्ञ और देवी भावगत कथा पूर्णाहुति भंडारे के साथ समापन हो गई। अंतिम दिन बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर पहुंचकर पुण्य अर्जित किया है। साथ ही भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए तल्लानागपुर क्षेत्र के कमेडा गांव के सन्यासणी देवी मंदिर मंदिर में 24 वर्षों बाद चल रहे महायज्ञ एवं देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया। अंतिम दिन ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रों के साथ पंचाग पूजा, भद्र पूजा, गणेश पूजा, व्यास पूजा सहित नित्य पूजाएं संपंन की। (एजेंसी)

### दुकानों में लगी आग

नई टिहरी : एफएसओ बीरबल सिंह ने बताया कि कृष्ण चौक मोलधार में सपना की टेलर और परचून, वैशाख सिंह की परचून की दुकान पर आग लग गई। सूचना फायर ब्रिगेड को मिली। दुकान में रखे गैस सिलेंडर को फायर हुक की मदद से पानी डालकर ठंडा किया गया। इससे पूर्व बंद दुकानों के शटर के लाक बोल्ट कटर से काटने के बाद आग बुझाने का काम किया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# उधार दी रकम को हड़पने का लगाया आरोप

## पीड़ितों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर के कुछ लोगों ने एक व्यक्ति पर उनकी उधार दी गई रकम को हड़पने का आरोप लगाया है। कहा कि व्यवसाय आरंभ करने के नाम पर ली गई उनकी रकम को उक्त व्यक्ति वापस नहीं कर रहा है। पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उक्त व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर मामले की जांच करने की मांग की है।

बुधवार को कुछ लोग पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत के नेतृत्व में तहसील पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ समय पहले नजीबाबाद रोड निवासी एक दुकानदार ने उनसे नवीन व्यवसाय आरंभ करने के नाम पर पैसे उधार मांगे थे। उससे जान पहचान होने के कारण उन्होंने उसको पैसे दे दिए। लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी उसने पैसे नहीं लौटाए। इस पर जब वे पता करने उसके निवास पर पहुंचे तो वह वहां भी नहीं मिला। वर्तमान में उसके घर और दुकान पर ताला लटका हुआ है। जिस कारण पीड़ितों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उपजिलाधिकारी से उक्त व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर मामले की जांच करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में विक्रम सिंह, हुकुम सिंह, गबर सिंह, दरबान सिंह, हरेंद्र सिंह, दीपक बिष्ट, जसपाल सिंह, कैलाश सिंह, सोहन सिंह और आकाश कुमार आदि थे।



तहसील में अधिकारी को ज्ञापन सौंपते पीड़ित।

## परिवहन विभाग ने बनाने शुरू किए ग्रीन कार्ड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : चार धाम यात्रा को लेकर परिवहन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हे। विभाग की ओर से चारधाम यात्रा को लेकर ग्रीन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

चार धाम यात्रा को लेकर परिवहन विभाग ने ग्रीन कार्ड बनाने शुरू कर दिए हैं। पौड़ी परिवहन संभाग के तहत आने वाले पौड़ी मुख्यालय सहित कोटद्वार, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग में पिछले साल 2300 ग्रीन कार्ड बनाए गए थे। वहीं, गुप्तकाशी से सोनप्रयाग तक संचालित होने वाली शटल सेवा को लेकर भी हर साल की तरह इस बार तैयारियां कर ली गई हैं। इस सेवा में करीब 300 टैक्सी-मैक्सी स्थानीय यूनियनों की ही लगाई जाती है।

# भैराड़ और रैदुल गांव के सिविल जंगलों में लगी आग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गर्मी बढ़ने के साथ ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है।

बुधवार को सिविल एवं सोयम वन प्रभाग की पौड़ी, सतपुली, श्रीनगर, बीरोंखाल आदि रेंजों के सिविल वन क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं सामने आई।

बीरोंखाल के सिविल सोयम स्यूंसी रेंज के भैराड़, भाखंड, बाडियूं के जंगलों में दो दिनों से आग लगी हुई है।

जिससे कई हेक्टेअर वन भूमि इसकी चपेट में आ गई हैं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि विभाग आग नहीं बुझा पा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता गिरीश रावत, अनूप सिंह, शिव सिंह ने बताया कि जंगलों में लगी आग से कई बहुमूल्य वनस्पति जल कर राख हो गई हैं। वनाग्नि की चपेट में बांज आदि कई हरे पेड़ आए हैं। वहीं बुधवार को सिविल एवं सोयम वन प्रभाग की पौड़ी, सतपुली, श्रीनगर आदि रेंजों के सिविल वन क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं सामने आई। वन विभाग के कर्मचारी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। बुधवार को पौड़ी के रैदुल गांव से सटे सिविल जंगलों में आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सिविल एवं सोयम वन प्रभाग के डीएफओ प्रदीप कुमार धौलाकंडी ने बताया कि बुधवार को श्रीनगर रेंज के ओंणी, बीरोंखाल रेंज के वन पंचायत भौराड, सतपुली रेंज के कुड़ीगांव के जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं।

# गुलदार के बाद अब बंदर और लंगूर का आतंक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : जंगली जानवरों का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। जंगली जानवरों के इस आतंक से निजात दिलाने में वन विभाग भी बेबस नजर आ रहा है। पर्यटन नगरी लैंसडौन के निकटवर्ती क्षेत्रों में बंदर व लंगूर जमकर उत्पात मचा रहे है। इधर, गुलदार के नगर क्षेत्र में आए दिन दस्तक देने से नागरिकों में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ने लगी है।

गर्मियों का सीजन शुरू होने के साथ ही लैंसडौन के निकटवर्ती क्षेत्रों में जंगलों में आग की घटनाएं भी बढ़ने लगी है। इन घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग ने अपना पूरा ध्यान फोकस किया हुआ है। आग की घटनाओं से निजात भले ही लोगों को नहीं मिल पाई हो, लेकिन पर्यटन नगरी के निकटवर्ती क्षेत्रों में बंदर व लंगूर के आतंक से लोगों में दहशत बढ़ने लगी है। आलम यह है कि लैंसडौन के प्रवेश द्वार एमईएस चौराहे में सुबह-शाम बंदर व लंगूरों का जमघट पूरे दिन लगा रहता है। जबकि स्टेट बैंक वाली सड़क में बंदर पेड़ों में चढ़कर उत्पात मचा रहे है। इस समस्या के चलते बैंक समेत अन्य कार्यों से इस मार्ग से होकर पैदल जाने वाले लोगों का सैर कर पाना मुश्किल हो गया है। अफसर मेस से लेकर खाईबर पास चौराहे व ग्रीन फील्ड के क्षेत्र में भी लंगूर व बंदर जमकर आतंक मचा रहे है। बता दें कि ग्रीन फील्ड से होकर नगर के सेंट जॉन्स कॉन्वेंट स्कूल समेत आर्मी स्कूल व केंद्रीय विद्यालय के छात्र प्रतिदिन होकर पैदल ही गुजरते है। छावनी परिषद कार्यालय समेत भूल्ला लेख का भी यही मार्ग है।

## इतिहासकार का होगा नागरिक अभिनंदन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पद्मश्री सम्मान से नवाजे गए इतिहासकार डॉ. यशवंत सिंह कठोच का पौड़ी में नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। निर्वमान पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम ने बताया कि इस संबंध में डॉ. कठोच से वार्ता भी हुई है। जल्द उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। डॉ. कठोच को इतिहास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए पद्मश्री सम्मान दिया गया है।

### कार दुर्घटना में डा. तौफीक का निधन

श्रीनगर गढ़वाल : डैम कॉलोनी के पास रुद्रप्रयाग से श्रीनगर आ रही एक कार साइन बोर्ड से टकरा गई थी। कार सवार चार लोगों में एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल 52 वर्षीय डॉ. तौफीक अहमद पुत्र रफीक अहमद को प्राथमिक उपचार के बाद एम्स ऋषिकेश भेजा गया था। बुधवार सुबह उनका निधन हो गया। डॉ. तौफीक अपने समय के शानदार क्रिकेट खिलाड़ी, कलाकार थे। उनकी पत्नी नगमा तौफीक भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की जिलाध्यक्ष हैं। उनके छोटे भाई परवेश अहमद श्रीनगर में जश्न-ए-विरासत जैसे आयोजन कराते हैं। (एजेंसी)

# शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 45 शिक्षक होंगे सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से 25 अप्रैल को शिक्षक सम्मान समारोह -2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बतौर मुख्य अतिथि प्रख्यात पर्यावरणविद् डॉ. अनिल प्रकाश जोशी 45 शिक्षकों को सम्मानित करेंगे।

संस्थान के ईडी अजयराज नेगी ने बताया कि गढ़वाल राइफल्स के संस्थापक लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी की स्मृति में आईएचएमएस कॉलेज की ओर से प्रतिवर्ष शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है।

उन्होंने बताया कि गत दिनों कोटद्वार और निकटतम पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जला रहे शिक्षकों का चयन कर उनको हव्टसऐप ग्रुप में एक लिंक के माध्यम से सम्मान समारोह के लिए अपना पंजीकरण करने का आग्रह किया गया था। जिसमें 45 शिक्षकों ने अपना पंजीकरण कराया। बताया कि 25 अप्रैल को दोपहर 3 बजे बतौर मुख्य अतिथि प्रख्यात पर्यावरणविद्, पद्मश्री, पद्भूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी सम्मान समारोह का शुभारंभ करेंगे।



वे विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के 06 प्रधानाचार्यों को स्मृति चिन्ह और 39 शिक्षकों को प्रशस्तिपत्र के साथ सम्मानित करेंगे। उन्होंने सम्मानित होने वाले सभी गुरुजनों को 3 बजे से पूर्व बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कॉलेज परिसर में पहुंचने का आग्रह किया है।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ चला अभियान, कई लोगों से वसूला जुर्माना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक का खुल्लेआम इस्तेमाल हो रहा है। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद नगर निगम प्रशासन नींद से जाग गया है। नगर निगम प्रशासन ने बुधवार को दुकानों में छापा मारा। छापेमारी से दुकानदारों में अफरा तफरी का माहौल रहा। इस दौरान बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक और पॉलीथिन पकड़ा गया।

बुधवार को नगर निगम प्रशासन ने एक बार फिर प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ नगर में अभियान चलाया, जिसमें कई दुकानदारों को प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया है। इसमें मौके पर ही दुकानदारों पर 6200 रूपये का जुर्माना किया गया है। वही यह भी हिदायत दी गई है कि दोबारा पकड़े जाने पर जुर्माने की राशि काफी बढ़ा दी जाएगी। निगम के सफाई निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान 17 दुकानदारों के चालान काटे गये और 6200 रूपये का अर्थ दंड वसूला गया। बताया कि चेतावनी देने के बाद भी दुकानदार प्रतिबंधित प्लास्टिक और पालीथीन में सामान बेच रहे हैं, जो आदेश का उल्लंघन है। नगर आयुक्त के निर्देश पर अभियान को लगातार जारी रखा जायेगा।

उन्होंने बताया कि बार-बार व्यापारियों व स्थानीय लोगों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने को लेकर अपील की जा रही है बावजूद इसके कुछ व्यापारी प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे हैं। अभियान चलाकार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।



### अज्ञात वाहन की टक्कर से हिरन घायल, वन्य प्रेमी ने कराया उपचार

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : ग्राम पंचायत मलेठी के पास कोटद्वार-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से हिरन घायल हो गया। वन्य प्रेमी ने घायल हिरन का राजकीय पशु चिकित्सालय में उपचार कराया। उपचार के बाद हिरन को वन विभाग के पोखड़ा दमदेवल रेंज के अधिकारियों को सुर्पुद कर दिया।

वन्य प्रेमी महेश ने बताया कि मलेठी गांव के पास बुधवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से हिरन घायल अवस्था में दिखाई दिया, जिसके मुंह से खून निकल रहा था। जिसे राजकीय पशु चिकित्सालय सतपुली में लाया गया। पशु चिकित्साधिकारी सतपुली ज्योति माला ने बताया कि घायल हिरन के सिर पर कुछ चोटें थी और उसके मुंह से खून निकल रहा था। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद वन विभाग के पोखड़ा दमदेवल रेंज के अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

# दिल्ली में होगा कुलानंद भारतीय पर केंद्रित पुस्तक का लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मूर्धन्य साहित्यकार एवं प्रख्यात शिक्षाविद स्वर्गीय कुलानंद भारतीय के जन्म शताब्दी वर्ष के मौके पर कुलानंद भारतीय पर लिखी पुस्तक का लोकार्पण दिल्ली में किया जाएगा।

आगामी 28 अप्रैल को दिल्ली के कांस्टट्यूशन क्लब स्थित डिप्टी स्पीकर हाल में ह्यमानवीय मूल्यों को समर्पित एक प्रेरक व्यक्तित्वः स्वर्गीय श्री कुलानंद भारतीय का लोकार्पण एक भव्य एवं गरिमापूर्ण समारोह में किया जाएगा।

आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए स्वर्गीय कुलानंद भारतीय के पुत्र संजय भारतीय ने बताया कि स्वर्गीय श्री कुलानंद भारतीय जन्म शताब्दी समिति, भारती शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित पुस्तक लोकार्पण के इस कार्यक्रम में शिक्षा, साहित्य, संगीत, राजनीति, पत्रकारिता और सामाजिक जीवन से जुड़ी हस्तियों सहित दिल्ली-एनसीआर के अनेकों प्रबुद्ध लोग शिरकत करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. जनार्दन द्विवेदी, दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. योगानंद शास्त्री, दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ. धनंजय जोशी की गरिमामयी उपस्थित में पुस्तक का लोकार्पण होगा।

# पैराग्लाइडरों के अनुकूल रहा मौसम

नई टिहरी : नेशनल पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी चैंपियनशिप के तीसरे दिन भी पैराग्लाईडरों ने दो राउंड की उड़ान भरते हुए विभिन्न करतब हवा में दिखाये। तीसरे दिन पैराग्लाईरों के लिए मौसम खासा अनुकूल रहा। जिसके चलते पैराग्लाइडरों ने लैडिंग एक्यूरेसी को लेकर पूरी तत्परता से अपने राउंड पूरे किये। प्रतियोगिता को लेकर साहसिक पर्यटन अधिकारी कुशाल सिंह नेगी ने बताया कि उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न प्रांतों से आए पैराग्लाइडर्स ने हवा में शानदार करतब बुधवार को भी दिखाए। कुल 72 पैराग्लाइडर्स ने 2-2 राउंड की पैराग्लाइडिंग की। कुल पांच राउंड में बेहतर अंक हासिल करने वालों विजेता घोषित किया जायेगा और अंतिम दिन पुरूस्कृत किया जायेगा। बुधवार को भी पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी चैंपियनशिप में पैराग्लाइडर्स ने टेक ऑफ प्वाइंट कुट्ठा से लैंडिंग प्वाइंट टिहरी झील किनारे कोटी कॉलोनी तक हवा में शानदार करतब दिखाए। (एजेंसी)

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार

हरिद्वार। ज्वालापुर पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे एक संदिग्ध को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया गया।

कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि रेगुलेटर पुल के नहर पटरी के वाले किनारे से आरोपी नीरज उर्फ डोला निवासी वाल्मीकि बस्ती ज्वालापुर को चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# मोदी राज में विश्व में फहरा रही है सनातन धर्म की पताका : महाराज

दुर्ग (छत्तीसगढ़)/देहरादून : भाजपा के स्टार प्रचारक और उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग लोकसभा क्षेत्र की जनता से भाजपा के प्रत्याशी को विजय दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जहां एक ओर देश में विकास की गंगा बह रही है वहीं हमें आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को एक झटके में हटा दिया गया।

अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर निर्माण के साथ-साथ आज विश्व में सनातन धर्म की पताका फहरा रही है। इसलिए मेरा प्रभु राम के ननिहाल और माता कौशल्या के माईके की इस भूमि के लोगों से अनुरोध है कि कि वह देश को और अधिक शक्तिशाली बनाने के लिए केंद्र में पुनः मोदी सरकार को सत्तारुढ़ करने के लिए भाजपा को वोट दें।



भाजपा के स्टार प्रचारक और कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने देशवासियों को पंचायतीराज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बुधवार को छत्तीसगढ़ के दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के समर्थन में साजा में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य से बाहर निकाल कर कोविड में गरीबों तक अन्न और उनकी सहायता के लिए वैक्सीन पहुंचने का कार्य किया। केंद्र सरकार ने दुर्ग संसदीय क्षेत्र के 3,39,471 घरों में से 1,93,321 घरों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत नए जल कनेक्शन प्रदान किये। पीएम किसान योजना के अंतर्गत 2,90,076 किसानों को विभिन्न किस्तों के माध्यम से 176.11 करोड रुपए का भुगतान किया गया। केंद्र की मोदी सरकार ने राज्य में आर्थिक समृद्धि, इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी और समाज कल्याण की दिशा में जहां अनेक कार्य किए हैं वहीं राज्य की भाजपा सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों साहू, कुर्मी, सतनामी आदि तमाम समाजों के लोगों को साथ लेकर उनके लिए सामाजिक भवनों का निर्माण करवाया। उन्होंने उत्तराखंड में पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हमने पंचायतों को सशक्त करने के लिए विधानसभा सदन में भारत के संविधान की 11वीं अनुसूची में वर्णित समस्त 29 विषयों को पंचायती राज संस्थाओं को सौंपने का संकल्प लिया है। हम सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण एवं स्थानीय चुनौतियों के यथोचित समाधान के लिए वर्णित 29 विषयों की निधियों, कार्मिकों एवं कार्यों के आधार पर पंचायतों को हस्तांतरित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी और राज्य में भाजपा नेतृत्व वाले सरकार में देश व राज्य का सर्वांगीण विकास हो रहा है। देश दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है। हम सबको मिलकर केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार की सभी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना है और समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की धारा से जोड़ना है।

# नई टिहरी में बनेगा सिटी सेंटर

नई टिहरी : बुधवार को पर्यटन विभाग, एडीबी और कंसलटेंट कंपनी के कार्मिकों ने डीएम मूयर दीक्षित को योजना की रिपोर्ट बताई। आईएसबीटी बौराड़ी के अपग्रेडेशन और सिटी सेंटर बनाने का टेंडर जारी किया जा चुका है। नई टिहरी के हनुमान चौक, चंबा चौराहे और डोबरा में बड़े आकार के स्वागत गेट बनाए जाएंगे। सुमन पार्क सहित मॉल रोड का सौंदर्यीकरण, पर्यटक गतिविधियां बढ़ाने के लिए साधन लगाए जाएंगे। साइनेज, मोटर मार्गों का सौंदर्यीकरण, रिफ्लेक्टर, लाइटिंग सहित अन्य व्यवस्था की जाएगी। डीएम ने कहा कि नई टिहरी में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए यदि कुछ और भी किया जाना है तो, डीपीआर में शामिल करें। (एजेंसी)



# नव प्रवेशी छात्रों का किया स्वागत

रुद्रप्रयाग : तुंगनाथ घाटी के राजकीय इंटर कालेज मक्कू जनपद रुद्रप्रयाग में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। बीते वर्षों की तुलना मे इस सत्र में छात्र संख्या में बहुत अच्छी वृद्धि हुई है। जहां पिछले वर्ष कक्षा 6 में 22 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया। वहीं यह संख्या बढ़कर अब 36 हो गई है। बुधवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवती भट्ट की अध्यक्षता में समस्त अभिभावक और अध्यापकों की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। साथ ही विशेष भोज का भी आयोजन किया गया। (एजेंसी)

### वारंटी को किया गिरफ्तार

नई टिहरी : एसएसपी निर्देश पर वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना छाम पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने वारंटी सुनील भट्ट निवासी ग्राम बाण्डा, पगारी को ब्लॉक रोड कण्डीसौड के पास से पकड़ा। पुलिस टीम में एसआई टीकम सिंह चौहान, कांस्टेबल बृजमोहन शामिल रहे। (एजेंसी)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बी. टेक कम्प्यूटर साइंस प्रथम वर्ष की मार्कसीट जीएलए यूनिवर्सिटी (मथुरा कैंपस) यूनिवर्सिटी रोल नंबर-201500037 वास्तव में खो गयी है।

**आदित्य रावत पुत्र लक्ष्मण सिंह रावत निवासी भट्ट मोटर के पास नजीबाबाद रोड, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0125/21)

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक द्वारा मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले **रेलवे स्टेशनों पर स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन की स्थापना के लिए** ई–नीलामी 09.05.2024 को आमंत्रित की जाती है। इस निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। सभी नियम और शर्तें उसमें निर्धारित हैं।

1228/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अदालती सूचना**

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलेक्टर कोटद्वार**

**रा0वा0सं0/2024 सावित्री देवी**

**बनाम**

**भारत सिंह आदि**

धारा 229 बी0 जीमीदारी भूमि व्यवस्था एवं विनाश अधिनियम

समन बनाम- भारत सिंह पुत्र उद्धव सिंह, भगवान सिंह पुत्र उद्धव सिंह निवासी काशीरामपुर कोटद्वार गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल,

हरगाह वादिनी ने एक वाद धारा 229 बी0 जीमीदारी भूमि व्यवस्था एवं विनाश अधिनियम के अन्तर्गत मेरे न्यायालय में दाखिल किया है, जिसमें आपको प्रतिवादीगण बनाया गया है।

अतः नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 26.04.2024 को उपस्थित होकर जवाबदेही करें अन्यथा आपके खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी।

**दिनांक 24.04.2024**

**आज्ञा से**

**असिस्टेंट कलेक्टर कोटद्वार**

**पौड़ी गढ़वाल**

(0124/15)

## एक नजर

### मुस्लिम आरक्षण लाकर देश को बांटना चाहती है कांग्रेस : बंसल

देहरादून। राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल ने कहा कि कांग्रेस मुस्लिम आरक्षण लागू कर देश को बांटना चाहती है। बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान नरेश बंसल ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक सर्वे के पीछे कांग्रेस के खतरनाक इरादे हैं। आरोप लगाया कि कांग्रेस का पंजा लोगों की संपति हड़पने का छिपा हुआ एजेंडा लेकर आया है। जिसका खुलासा स्वयं कांग्रेस के सलाहकार सेम त्रिपोदा ने कर दिया है। उन्होंने चुनौती दी कि कांग्रेस अपने छिपाए सच को स्वीकार करे या फिर उसे घोषणा पत्र से हटाए। कहा कि कांग्रेस माता–पिता से बच्चों को मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के लोगों की संपत्ति अल्पसंख्यकों में बांटना चाहती है और उसके नेता लंबे समय से इसकी वकालत कर रहे हैं। बंसल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस एक बार फिर तुष्टिकरण के जरिए देश को बांटने की कोशिश कर रही है और देश के लोगों को इससे सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एक बार पहले भी देश को बांटा है और अब फिर वह उसी एजेंडे पर आगे बढ़ रही है।

### पर्यटन निगमों में दूर हो वेतन विसंगति

देहरादून। पर्यटन निगमों में सालों से संविदा, दैनिक वेतन, वर्कचार्ज पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग तेज हो गई है। जीएमवीएन कर्मचारी संगठन ने शासन और मैनेजमेंट पर दबाव बनाया। संगठन महासचिव आशीष उनियाल ने कहा कि सरकार एक ओर कह रही है कि दोनों निगमों का एकीकरण किया जाएगा। दूसरी ओर निगमों के एकीकरण को लेकर सालों से डंप पड़ी मुहिम को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है। तय हुआ था कि एकीकरण से पहले दोनों निगमों के कर्मचारियों की वेतन विसंगति को दूर किया जाएगा। कर्मचारियों के नियमितीकरण से जुड़े विषयों का निस्तारण किया जाएगा। इसके बावजूद न कर्मचारियों को नियमित किया जा रहा है। न ही उन्हें समान काम का समान वेतन दिया जा रहा है। कहा कि एकीकरण को लेकर भी कुछ प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। जबकि कर्मचारियों ने दो टूक साफ कर दिया था कि दोनों निगमों के कर्मचारियों का एकीकरण करते हुए उन्हें पर्यटन विकास परिषद में मर्ज किया जाए। पर्यटन निगमों को मजबूत करने की बजाय यदि पीपीपी मोड को बढ़ावा देकर कमजोर करने का प्रयास किया गया, तो इसका राज्य स्तर पर तीखा विरोध किया जाएगा।

### चार मई से मंगलौर वासियों को झेलनी पड़ेगी बिजली कटौती

रुड़की। गर्मी के बढ़ते प्रकोप के साथ कस्बे में आगामी दिनों में बिजली का संकट भी शुरू होने वाला है। ऊर्जा निगम की ओर से सुधारात्मक कार्यों को लेकर चार मई से सुबह छह बजे से दोपहर बारह बजे तक बंदी की घोषणा हो चुकी है। आवश्यकता पड़ने पर बंदी की समय सीमा बढ़ सकती है। ऐसे में गर्मी का सितम कस्बावासियों को और ज्यादा सताएगा। बढ़ती गर्मी ने हर कोई बेहाल है। ऐसे में बिना एसी, कूलर और पंखे से लोगों का जीना मुहाल है। चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति की जरूरत उपभोक्ताओं को पड़ने लगी है। जिसको लेकर ऊर्जा निगम ने कस्बे में सुधारात्मक कार्यों का खाका तैयार कर लिया है। जिसमें लगभग पंद्रह दोनों का समय लग सकता है।

क्षेत्रीय अवर अभियंता सौरभ सिंह भाटी ने बताया कि गर्मी के मौसम में आंधी तूफान चलने से पेड़ों के नीचे से गुजर रही विद्युत लाइन अक्सर क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। जिससे रात–रात भर लोगों को अंधेरे में रहना पड़ता है। उन्होंने बताया कि ऐसी लाइनों को सुरक्षित करने के लिए इंसुलेटेड लाइन डालने का काम किया जा रहा है। सुबह से दोपहर तक बिजलीघर बंद किए जाएंगे। चार मई से यह शटडाउन रहेगा। कोतवाली फीडर, नया बिजली घर और पुराने बिजली घर का आंशिक भाग बंदी से प्रभावित होगा।

### मनसा देवी पहाड़ के जंगल में लगी आग

हरिद्वार। बुधवार को मनसा देवी पहाड़ के जंगल में अचानक आग लग गई। गमीनत रही कि वहां पर पेट्रोलिंग कर रहे राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क के कर्मचारियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। आग पर काबू पाने के बाद पार्क के कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क की हरिद्वार रेंज स्थित मनसा देवी पहाड़ पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास बुधवार को करीब 10:30 बजे जंगल में अचानक आग लग गई।

# यात्रा शुरू होने से पहले सारी व्यवस्थाएं करें चाक चौबंद



**जयन्त प्रतिनिधि।**
चमोली : बद्रीनाथ धाम की यात्रा तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को धाम का स्थलीय निरीक्षण कर यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े विभागों को यात्रा शुरू होने से पहले सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को पर्याप्त संख्या में मैन पावर लगाते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही यूपीसीएल, जल संस्थान व नगर पंचायत को धाम में बिजली, पानी की व्यवस्था और मार्गो को आवाजाही के लिए सुचारू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अराइवल प्लाजा, लूप रोड, आस्था पथ, शेषनेत्र झील, चिकित्सालय के साथ ही मंदिर परिसर व पुरोहित आवास में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीआईयू के अधिशासी अभियन्ता विपुल सैनी ने जिलाधिकारी को मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, बीकेटीसी के सीईओ योगेन्द्र सिंह, एसडीएम जोशीमठ चन्द्र शेखर वशिष्ठ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# थ्री लेयर सिक्योरिटी में रखी है ईवीएम



**जयन्त प्रतिनिधि।**
चमोली : उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने स्ट्रांग रूम की निगरानी के संबंध में गढवाल सीट पर चुनाव लड़ने वाले पार्टी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में पार्टी प्रतिनिधियों से सुझाव लिए और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्ट्रांग रूमों की व्यवस्थाओं एवं निगरानी के संबंध में जारी गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि ईवीएम थ्री लेयर सिक्योरिटी में रखी गयी हैं जिसमें पुलिस पीएसी एवं आईटीबीपी के जवान 24 घंटे तैनात हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी, आरओ भी प्रतिदिन स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हैं। उन्होंने पार्टी प्रतिधिनियों को प्रतिदिन भी स्ट्रांग रूम का विजिट करने को कहा। इस दौरान कांग्रेस के योगेन्द्र विष्ट, बीजेपी के डीपी पुरोहित, हिमेन्द्र रावत, अमित कुमार सहित सहायक निर्वाचन अधिकारी डीपी सती मौजूद रहे।

## चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या सीमित करने का विरोध

देहरादून। चार धाम यात्रा में धामों में श्रद्धालुओं की संख्या सीमित किए जाने का विरोध शुरू हो गया है। टूर ऑपरेटर एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन, टैक्सी एसोसिएशन समेत अन्य कई संगठनों ने खुलकर विरोध जताना शुरू कर दिया है। राज्यपाल, मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर किसी भी तरह की बंदिश न लगाने की मांग की है। ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाइन यात्रा पंजीकरण की भी व्यवस्था को सुनिश्चित किए जाने की मांग की। टूर ऑपरेटर एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में कहा कि प्रत्येक धाम में किसी भी संख्या की सीमाओं के आदेश को निरस्त किया जाए। धामों में दर्शन करने वालों की किसी भी तरह की कोई सीमा न रखी जाए। अध्यक्ष अभिषेक आहलुवालिया ने कहा कि कोई भी ऐसा काम न किया जाए, जिससे पर्यटन पर निर्भर लाखों लोगों की आजीविका पर प्रभाव न पड़े। ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाइन पंजीकरण को बढ़ावा देते हुए राज्य के सभी प्रवेश बिंदुओं पर ऑफलाइन पंजीकरण के काउंटर उपलब्ध कराए जाएं।चार धाम होटल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कहा कि सीमित संख्या को तत्काल समाप्त करते हुए पंजीकरण स्लॉट को खोला जाए। अध्यक्ष अजय पुरी और सचिव प्रतीक कर्णवाल ने कहा कि संख्या सीमित करने की बजाय सरकार मेडिकल सुविधा, संचार सिस्टम, बिजली, पानी, पार्किंग, सड़कों की व्यवस्था को सुधारा जाए। डंडी कंडी, घोड़े खच्चरों की उचित व्यवस्था की जाए। हेली सेवाओं में होने वाली कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।

### युवती का शव मिला

रुद्रपुर।ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शव तीन दिन पुराना होने से बदबू आ रही थी। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मंगलवार की रात ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस को कृष्णा कालोनी में एक बंद कमरे से बदबू आने की सूचना मिली थी। एसएचओ भारत सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। कमरे के अंदर पंखे के कुंडे पर लगाए फंदे पर एक युवती लटकी हुई थी। कमरे में मिले श्रम कार्ड और कागजातों से उसकी पहचान प्रीति गंगवार (22) निवासी ग्राम टांडा दयानतपुर थाना हाफिजगंज बरेली के रूप में हुई। मृतका सिडकुल की एक फैक्टरी में काम करती थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।

# उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के सख्त नियम के बावजूद समय पर कनेक्शन नहीं दे रहा यूपीसीएल

देहरादून। उत्तराखंड में लोगों को तय समय पर बिजली कनेक्शन उपलब्ध हो, इसके लिए उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने बेहद सख्त नियम बनाए हैं। इसके बाद भी ऊर्जा निगम के इंजीनियर समय पर कनेक्शन नहीं दे रहे हैं। गतवर्ष 3194 लोगों को देरी से कनेक्शन मिला। इस पर आयोग ने निगम पर 3.58 करोड़ का जुर्माना लगाया।

सामान्य घरेलू बिजली कनेक्शन 15 दिन में देने का नियम है। इसके बावजूद कनेक्शन एक–एक माह तक लटका दिया जाता है। जहां बिजली की लाइन, खंबे और ट्रांसफार्मर लगाने होते हैं, उनमें तो चार–चार महीने तक का वक्त लग रहा है जबकि ऐसे मामलों में भी डेढ़ से दो माह के बीच कनेक्शन देना है।

पुनीत धनोला ने सहस्त्रत्धारा में दस किलोवाट के कनेक्शन के लिए आवेदन किया। लंबा समय गुजरने के बाद भी कनेक्शन नहीं मिला है।

ऋषिकेश में यूजेवीएनएल की ओर से आवंटित किए गए सोलर पावर प्लांट के लिए बिजली लाइन बना कर कनेक्शन देने को अमन जोशी ने आवेदन किया था। महीनों से यूपीसीएल के इंजीनियर लाइन ही नहीं जोड़ पा रहे हैं।शिमला बाईपास रोड पर विक्रम सिंह भी समय पर कनेक्शन न मिलने से परेशान हैं। इससे उनका भवन निर्माण का काम अटका है।

उधर, नियामक आयोग से साल दर साल करोड़ों का जुर्माना लगने के बावजूद अफसरों के पास कोई जानकारी नहीं है।

निदेशक ऑपरेशन मदन राम आर्य, निदेशक प्रोजेक्ट अजय अग्रवाल ये बताने में असमर्थ रहे कि कुल कितने कनेक्शन देरी से दिए गए, जिसके कारण इस साल 3.58 करोड़ का जुर्माना लगा है। जबकि ये पूरा आंकड़ा नियामक आयोग समेत खुद ऊर्जा निगम की फाइलों में मौजूद है। इससे साफ होता है कि उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने के मामले में हो रही देरी की किसी भी स्तर पर कोई समीक्षा नहीं हो रही है।

| वर्ष | लेट कनेक्शन | जुर्माना |
| --- | --- | --- |
| 2023–24 | 3194 | 3.58 |
| 2022–23 | 8443 | 2.86 |
| 2021–22 | 7404 | 1.24 |

(जुर्माने की राशि करोड़ रुपये में)

एक भी इंजीनियर से नहीं वसूला जुर्मानाः विद्युत नियामक आयोग का नियम है कि जिन इंजीनियरों के कारण कनेक्शन देने में देरी हुई, उनसे वसूली की जाए। आज तक किसी भी इंजीनियर से एक पैसे की भी वसूली नहीं हो पाई है। जबकि यूपीसीएल की वित्तीय स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। 2020–21 में जो घाटा 3851 करोड़ का था, वो 2021–22 में 4064 करोड़ पहुंच गया। 2022–23 में यही घाटा 5288 करोड़ तक जा पहुंचा।

15 साल में 40 हजार को लेट कनेक्शनः विद्युत नियामक आयोग ने जुर्माना लगाने की व्यवस्था वर्ष 2009 से शुरू की है। वर्ष 2009 से लेकर अभी तक कुल 40207 से अधिक लोगों को कनेक्शन समय पर नहीं मिले हैं। इस पर नियामक आयोग ने ऊर्जा निगम पर कुल 23.38 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।



## रक्तदान शिविर में 204 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

हरिद्वार। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने शाहपुर शीतला खेड़ा ब्रांच में रक्तदान शिविर लगाया। इसमें 204 यूनिट रक्तदान किया। शिविरों में रक्तदान से पहले की जाने वाली जांच और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। मानव एकता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया। इस मौके पर ज्ञान प्रचारक सविंदर कौर ने सतगुरु माता के वचनों के बारे में बताया। कहा कि सेवा का भाव सदैव निष्काम ही रहता है। ऐसी भावना जब हमारे मन में बस जाती है, तब हमारा जीवन वास्तव में मानवता के कल्याणार्थ समर्पित हो जाता है।

### सीएम धामी के वार पर करन माहरा ने किया पलटवार

देहरादून। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सियासत तेज हो गई है। सीएम धामी ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कांग्रेस के घोषणा पत्र पर दिए बयान में सीएम धामी ने कहा कांग्रेस देश की मेहनत की कमाई वर्ग विशेष को सौंपना चाहती है। सीएम धामी के बयान पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा बीजेपी, कांग्रेस के न्याय पत्र को लेकर गलत बयानबाजी कर रही है। उन्होंने कहा जो मुख्यमंत्री जमीनों के कब्जों को लैंड जिहाद का नाम देते हों, 6 बाई 6 की मजारों को हटाने की बात करते हों, उन्हीं के मुख्यमंत्रित्व काल मे देहरादून में बीजेपी के पार्षद की तरफ से सूचना के अधिकार की तहत उठाए गए जमीन के मामले का निस्तारण नहीं हो पाया। जिनका अपना पार्टी कार्यालय भूमि विवाद के चलते नहीं बन पाया वो इसकी बात करते हैं।

# जल जीवन मिशन के कनेक्शन बने शो पीस

### –खाली बर्तन लेकर महिलाएं और बच्चे सड़क पर उतरे

हल्द्वानी। एक माह से पेयजल की किल्लत झेल रहे इंदिरा नगर की महिलाओं और बच्चों ने खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा जल संस्थान की कार्यप्रणाली से लोग बूंद–बूंद पानी के लिए तरस गए हैं। कई बार सूचना देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी अगर जल्द पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया गया तो दफ्तरों में अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। बढ़ते तापमान में शहर और ग्रामीण क्षेत्र में पानी की कमी से लोगों की परेशानियों दोगुनी हो गई हैं। जल संस्थान की कार्यप्रणाली के खिलाफ भी लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। लंबे समय से पेयजल की कमी से जूझ रहे इंदिरा नगर के निवासियों ने खाली बर्तनों के साथ प्रर्दशन कर किया। लोगों ने कहा कि दुर्गा मंदिर, इंदिरा नगर और साबरी मस्जिद क्षेत्र की कॉलोनियों में पिछले माह से पेयजल कमी का सामना करना पड़ रहा है। पांच दिन से घरों लगे नलों में एक बूंद पानी नहीं टपका है। जिससे लोगों को दिन रात पानी के इंतजाम के लिए जूझना पड़ रहा है। इस स्थिति में खाना बनाना और बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। बताया कि मांग किए जाने पर भी जरूरत के अनुसार विभागीय टैंकर नहीं भेजे जा रहे हैं। कई लोग निजी टैंकर मंगवा रहे हैं तो कई को दूर स्थान से पानी लाना पड़ रहा है। इससे लोगों में जल संस्थान के अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है। चेतावनी दी जल्द समाधान नहीं होने पर प्रशासन और जल संस्थान के अधिकारियों का घेराव किया जाएगा।



# शॉर्ट सर्किट की चिंगारी से खेत में लगी आग,10 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट

विकासनगर।तेज हवा के चलते गेहूं के खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी की लाइन में शार्ट सर्किट हो गया। जिसकी चिंगारी से गेहूं के खेत में आग भड़क गई। आग से करीब 10 बीघा गेहूं की फसल नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग का काबू पाया। जिससे आसपास की फसल बच सकी। तापमान बढ़ने के साथ ही आग लगने की घटनाओं में वृद्धि हो गई है। मंगलवार को विकासनगर तहसील के लक्खनवाला गांव स्थित तिब्बती कॉलोनी के पास दोपहर करीब डेढ़ बजे गेहूं के खेत में आग भड़क गई। तेज हवा चलने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची लपटें देख ग्रामीण मदद के लिए दौड़ पड़े।

ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के सहारे कुछ हिस्से में खड़ी गेहूं की फसल को हटाकर किसी तरह आग पर काबू पाया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझी। पूर्व प्रधान विकास पटेल ने बताया कि आग से गांव के मुन्ना लाल और मदन लाल की करीब 10 बीघा में गेहूं की फसल नष्ट हो गई। उन्होंने बताया कि समय रहते आग बुझा दी गई। आग न बुझने पर आसपास के कई बीघा में खड़ी गेहूं की फसल नष्ट हो जाती। उन्होंने तहसील प्रशासन से पीड़ित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। एसडीएम विनोद कुमार ने कहा कि मौके पर लेखपाल को भेजकर नुकसान का आकलन कराया जाएगा।

ढाकी गांव में डेढ़ बीघा फसल बर्बादः सड़क किनारे झाड़ियों में लगी आग खेत तक पहुंच गई। जिससे डेढ़ बीघा में गेहूं की फसल जल गई। ढाकी गांव में मस्जिद के पीछे सहसपुर गांव निवासी मेहंदी ने गेहूं की खेती की हुई थी। मंगलवार की दोपहर सड़क किनारे लगी झाड़ियों की आग खेतों तक पहुंची। आग से डेढ़ बीघा में खड़ी फसल बर्बाद हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी सेलाकुई ईशम सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना आई थी। मौके पर गाड़ी भेज दी गई थी, आधे रास्ते में कॉलर का फोन आया कि आग बुझ गई है, जिस पर दमकल वाहन को वापस बुला लिया गया।

हरिपुर में भूसे के ढेर में फिर भड़की आगः हरिपुर में भूसे के ढेर में फिर से आग भड़क गई।

### हनुमान जयंती पर विकासनगर में निकाली भव्य शोभा यात्रा

विकासनगर।सनातन धर्म सभा की ओर से बुधवार को हनुमान जयंती पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। सुबह से ही सनातन धर्म मंदिर परिसर में बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंच गए। दिनभर पूजा अर्चना के बाद शाम चार बजे शोभा यात्रा शुरू हुई। सिर पर केसरिया साफा, हाथ में भगवा पताका, जुबान पर जय श्रीराम का उद्घोष शोभा यात्रा में देखने को मिला। श्रद्धालु भक्तिभाव से सराबोर होकर यात्रा से जुड़ते नजर आए। मंदिर परिसर से शुरूहुई शोभा यात्रा कोतवाली रोड, सैयद रोड, मुख्य बाजार, पहाड़ी गली, गीता भवन होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंची। नगर ही नहीं आसपास के कई गांवों से आए श्रद्धालुओं ने परंपरागत वेशभूषा धारण कर विभिन्न भजन मंडलियों के साथ शोभायात्रा में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण का संचार किया।

## मसूरी मालरोड पर वाहनों के प्रवेश का शुल्क दो से तीन गुना तक बढ़ाया

देहरादून। मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल रोड पर स्थानीय लोगों को व्यक्तिगत और व्यवसायिक वाहन ले जाने पर वार्षिक शुल्क बढ़ाने का विरोध किया है। उन्होंने वाहनों का वार्षिक शुल्क कम करने की मांग की है। इसे लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मालरोड पर जाने वाले दुपहिया वाहनों और व्यावसायिक वाहनों को वार्षिक पास की धनराशि अत्यधिक बढा दी है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। बुधवार को मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम दीपक सैनी से मुलाकात कर शुल्क वृद्धि पर कड़ा एतराज जताया। पूर्व में निजी दुपहिया वाहन का वार्षिक शुल्क 500 रूपये लिया जाता था, परंतु अब शुल्क बढ़ाकर 1000 रूपये कर दिया है। निजी छोटे वाहन, चार पहिया का वार्षिक शुल्क 1000 रूपये से बढा कर 2000 रूपये कर दिया गया है। इसी के साथ ही मालरोड पर आवश्यक आपूर्ति करने वाले छोटे मालवाहन वाहनों का शुल्क भी 1500 रुपये वार्षिक से बढ़ाकर पांच हजार रुपये कर दिया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष भर में वार्षिक बढ़ोत्तरी आवश्यक होती है परंतु बढाई गई दरें न्याय संगत नहीं हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि मालरोड पर जाने वाले स्थानीय लोगों के दुपहिया व चार पहिया वाहनों सहित माल वाहक वाहनों की जारी की गई दरों को कम कर 15 प्रतिशत बढ़ा कर स्थानीय नागरिकों को राहत दी जाय। इ

## जैन समाज ने धूमधाम से निकाली भगवान महावीर की प्रतिमा पालकी यात्रा

देहरादून। भगवान महावीर स्वामी के 2623 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर बुधवार को क्षुल्लक रत्न समर्पण सागर महाराज के सानिध्य में पालकी यात्रा जैन भवन (जैन धर्मशाला) से निकाली गयी।

भक्तगण पालकी में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को विराजमान कर भक्तिभाव के साथ झूमते गाते गली–गली भगवान के जयकारों के साथ पहुंचे। पालकी यात्रा का समापन झंडा बाजार स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर जी पर हुआ। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए समर्पण सागर महाराज ने कहा कि महावीर की प्रमुख शिक्षाएं अथवा जैन धर्म के प्रमुख नियम सत्य जानने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक स्त्री व पुरुष को अपना घर छोड़ देना चाहिए। उन्हें अहिंसा के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए अर्थात किसी भी जीव को न तो कष्ट देना चाहिए और न ही उसकी हत्या करनी चाहिए। सभी जीव जीना चाहते हैं। जियो और जीने दो। वहीं पालकी यात्रा में सभी की भक्ति देखते ही बनती थी। सभी भक्ति भाव के साथ इस यात्रा में शामिल हुए। जिसमें समाज के शेष सदस्य सफेद वस्त्रों एवं महिला वर्ग पीली साड़ियों में नृत्य करते हुए यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। बैंड की मधुर ध्वनियों पर संगीत लहरिया बिखेर रही थी। नगर में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पालकी यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

### कम वजन–संतुलित डाइट रखेगी लिवर दुरुस्त

देहरादून। वजन कम करने, डाइट संतुलित रखने से लिवर बिल्कुल दुरुस्त रहेगा। 90 फीसदी मरीजों में फैटी लिवर आम समस्या होती है, लेकिन उन दस फीसदी जो फैटी लिवर के साथ शराब का सेवन, मोटापा, शुगर की समस्या से ग्रसित है। उनमें बेहद सर्तकता की जरूरत है। यह बात मैक्स अस्पताल के गैस्ट्रो सर्जन डॉ. मयंक नौटियाल एवं डॉ. मयंक गुप्ता ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि लापरवाही से लिवर में घाव यानि सिरोसिस हो जाती है। जिसमें लिवर ट्रांसप्लांट ही इलाज बचता है। कहा कि थकान, भूख न लगना, उल्टी, पीलिया, पेट में दर्द, पैरों–पेट में सूजन, पेशाब का रंग गहरा, पीला मल आने पर सतर्क हो जाएं और डॉक्टरों से जांच कराएं। मोटापा, शुगर वाले सतर्क रहें और शराब का सेवन न करें।

# बीच सड़क पर कर डाली बोरिंग, नगर निगम ने जब्त कर दी मशीनें

ऋषिकेश।नगर निगम क्षेत्र में एक स्थानीय नेता के भाई ने बीच सड़क पर मशीनरी लगवाकर बोरिंग का काम शुरू करवा दिया। इतना ही नहीं सड़क की खुदाई कर कई फीट अंदर तक बोरिंग के पाइप भी डाल दिए। इसी बीच किसी ने इसकी शिकायत नगर निगम को कर दी। शिकायत मिलते ही निगम की टीम मौके पर पहुंची और अवैध रूप से चल रही मशीनों को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं, नगर निगम के अधिकारी बोरिंग लगाने वाले शख्स के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार की सुबह ऋषिकेश नगर निगम के अधिकारियों को एक सूचना मिली थी। जिसमें बताया गया कि नगर निगम के ठीक सामने वाली गली में बिना परमिशन के एक शख्स मशीनों को लगाकर बोरिंग लगाने का काम कर रहा है। सूचना के आधार पर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि दो भारी भरकम मशीन गली में खड़ी है, जो लगातार जमीन में ड्रिल कर अवैध रूप से बोरिंग लगाने के लिए खुदाई कर रही है।

वहीं, पूछताछ करने पर मशीन चला रहे मजदूर और मौके पर काम करवा रहे शख्स सरकारी जमीन पर बोरिंग लगाने की कोई परमिशन के बारे में सही जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद नगर निगम की टीम ने दोनों मशीनों को बंद करवा दिया। जिसके बाद दोनों मशीनों को कब्जे में लेकर नगर निगम लाया गया। वहीं, अब ऋषिकेश नगर निगम की आगे की कार्रवाई में जुट गई है। "नगर निगम ने मशीनों को कब्जे में लेकर जब्त कर लिया है।

### एफआरआई क्षेत्र में चलाया सफाई अभियान

देहरादून। श्री नित्यानन्द स्वामी जन सेवा समिति की ओर से बुधवार को एफआरआई क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें अभिनेत्री चित्राक्षी रावत, अभिनेता ध्रुव आदित्य भागवानी ने तुलाज इंस्टियूट के छात्रों के साथ सफाई कार्य किया। उन्होंने सभी शहरवासियों को दून को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com